**रोहतक**

**शुक्रवार, 22 मार्च 2024**

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 55
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


**मौसम**
अधि. 32.0
न्यूून. 16.0


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




03 अशोक, परमजीत को पैरालंपिक कोटा


## पूरे उत्साह के साथ करें फिर से शुरूआत
## NEET / JEE

**Aakash**
Medical | IIT-JEE | Foundations

NEET (UG)




and many more...

JEE (Advanced)




and many more...

Though every care has been taken to publish the result, yet Aakash Educational Services Ltd. shall not be responsible for inadvertent error, if any.

MEDICAL (NEET-UG) **आकाश हरियाणा के क्लासरूम कोर्स (रिपीटर बैचेस) से टॉप कॉलेजों में चयनित छात्र** ENGINEERING (JEE)




and many more...




and many more...

### प्रवेश प्रारम्भ

| कक्षा 8वीं-10वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए | कक्षा 10वीं से 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए | कक्षा 11वीं से 12वीं में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए | कक्षा 12वीं में उपस्थित / उत्तीर्ण छात्रों के लिए |
|---|---|---|---|
| इन्टीग्रेटेड कोर्सेज | 2 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज | 1 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज | ड्रॉपर / रिपीटर कोर्सेज |
| **School Boards / Olympiads / NTSE** | **NEET / JEE** | **NEET / JEE** | **NEET / JEE** |
| Batches Starting from: 22nd-31st March | Batches Starting from: 22nd-31st March | Batches Starting from: 22nd-31st March | Batches Starting soon |

**रिपीटर कोर्सेज**
**NEET / JEE 2025**

**क्रैश कोर्स**
**NEET | JEE 2024**
Medical - Batches Starting from: 22nd-31st March
Engineering - Enrollment Started

इंस्टेन्ट एडमिशन व स्कॉलरशिप टेस्ट (iACST) में भाग लें और
**90% तक स्कॉलरशिप* प्राप्त करें।**
नि:शुल्क नामांकन के लिए: iacst.aakash.ac.in पर जाएँ या दिए गए कोड को स्कैन करें।
*नियम व शर्तें लागू

- ओमनी चैनल लर्निंग
- सावधानीपूर्वक तैयार की गई अध्ययन सामग्री
- नियमित टेस्ट व मूल्यांकन
- 35+ वर्षों से शानदार परिणाम
- 1,22,000+ आकाशियन्स क्वालिफाइड NEET & JEE 2023
- देशभर में 300+ ब्रांचेज़

**मेडिकल (NEET)**
- ☑ ऑडीप्रेप-NEET के लिए ऑडियोबुक
- ☑ Know Your NCERT
- ☑ NCERT Maps-NEET
- ☑ NEET चैलेंजर

**इंजीनियरिंग (JEE)**
- ☑ JEE चैलेंजर
- ☑ अध्ययन सामग्री के वीडियो द्वारा हल
- ☑ JEE Archive, Spotlight Program
- ☑ स्कल क्रशर क्विज


**फाउण्डेशन (कक्षा 8-10)**
- ☑ एक्टिविटी आधारित लर्निंग
- ☑ क्विज और वर्कशॉप
- ☑ एक्सपेरिमेंट पर आधारित वीडियो
- ☑ फ्लैश कार्ड्स और लेक्चर PPTs

**Call Your Nearest Branch:** **Ambala:** 8800012946, 9354580243 **Bahadurgarh:** 8800901820, 9540254952 **Bhiwani:** 8800012950, 9315141659 **Faridabad (Sec-16):** 8800013022 **NIT Faridabad:** 8800729482, 8448799013 **Gurugram: (Sector-14):** 8800840109, 9958064196 **Gurugram: (Sector-49):** 8800845034, 9289514345 **Hisar:** 8800013035, 9541421004 **Jind:** 8800792651, 9289149595, 9289126149 **Kaithal:** 8800012949, 8448489650 **Karnal:** 8800012947, 8448489652 **Kurukshetra:** 8800013036, 9355378720 **Narnaul:** 8800013042, 9599289824, 9599289826 **Palwal:** 8800013038 **Panchkula:** 8800013039, 7876866442, 9289368821 **Panipat:** 8800013040, 7082000620 **Rewari:** 9053008274, 9053008275 **Rohtak:** 8800013037, 9355377057 **Sirsa:** 8448289956, 9355378249 **Sonipat:** 8800898137, 9289738918 **Yamuna Nagar:** 8800012945, 8448489651

नजदीकी ब्रांच के लिए कोड को स्कैन करें

CALL (TOLL-FREE) **1800-102-2727** | VISIT **aakash.ac.in**

**Aakash** Medical | IIT-JEE | Foundations



**खबर संक्षेप**

### तुष्टिकरण से बचाने के लिए मोदी सरकार जरूरी

**पानीपत/ चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव कैलाश विजयवर्गीय ने प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण से बचाने के लिए मोदी सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के साथ-साथ विश्व गुरू बनाने के लिए भाजपा का 400 पार होना बहुत जरूरी है। विजयवर्गीय शनिवार को पानीपत में पीजी कॉलेज के सभागार में आयोजित करनाल लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### अयोध्या में लंगर सेवा के लिए जत्था रवाना

**चंडीगढ़।** दुनिया भर के भक्तों की सेवा के लिए करुणा और समर्पण की भावना से निहंग बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर और वरिष्ठ भाजपा नेता विनीत जोशी ने अयोध्या राममंदिर में बीते दो माह से निरंतर जारी लंगर सेवा के लिए चंडीगढ़ से किराने का सामान (लंगर के लिए भोजन और अन्य सामान) के ट्रक रवाना किए उल्लेखनीय है कि बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर अगुवाई 1885 में बाबरी ढांचे पर कब्जा कर हवन करने वाले निहंग बाबा फ़क़ीर सिंह के आठवें वंशज हैं।

### 596 किलो गांजा बरामद, केस दर्ज

**नूंह/चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने नशा तस्करी करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए नूंह जिला में सिकरावा रोड पर गुलालता के नजदीक से नशा तस्करी में संलिप्त एक टाटा कैंटर को जब्त किया। कैंटर की तलाशी लेने पर उसमें से 596 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया जिसकी मार्किट कीमत लगभग 89 लाख 43 हजार आंकी गई है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ने इसके लिए अपराध जांच शाखा पुन्हाना की टीम को बधाई दी है। निरीक्षक संदीप प्रभारी अपराध जांच शाखा पुन्हाना ने बताया कि बुधवार को सहायक उप-निरीक्षक गोपाल सिंह ने टीम ने आरोपितों को पकड़ा।

# मनोहर व नड्डा से मिले मुख्यमंत्री नायब लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर मंथन

## भाजपा बड़े अंतर से जीतेगी 10 की 10 लोकसभा सीटें : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने करनाल में कहा कि भाजपा बड़े मार्जिन से लोकसभा चुनाव में 10 की 10 सीटें जीतेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि करनाल से इस बार देश में सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड बनेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आवास पर पहुंचे थे। काफी देर तक मुख्यमंत्री सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बीच चुनावी तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। पूर्व सीएम मनोहर लाल से मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर तैयारियां पूरी है। कार्यकर्ताओं के दम पर और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से बड़े मार्जिन से भाजपा दसों लोकसभा की सीटें जीतकर प्रधानमंत्री मोदी के पास भेजेगी। मुख्यमंत्री ने करनाल लोकसभा से उम्मीदवार मनोहर लाल के बारे में बोलते हुए कहा कि करनाल से इस बार रिकार्ड बनेगा और देश में सबसे बड़ी जीत मनोहर लाल की होगी।

■ करनाल से इस बार बनेगा देश की सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड : सीएम

**दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से की मुलाकात**



पत्रकारों द्वारा पूर्व गृहमंत्री अनिल विज के ट्वीट के बारे में पूछे गए सवाल पर नायब सैनी ने कहा कि अनिल विज हमारे वरिष्ठ नेता हैं। अनिल विज का मार्गदर्शन हमें पहले भी मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। हरियाणा की बची चार सीटों पर प्रत्याशियों के घोषणा के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उम्मीदवार कब तक घोषित होंगे यह पार्लियामेंट्री बोर्ड तय करेगा।



### राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ कई मुद्दों पर की चर्चा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी चंडीगढ़ और आसपास के अपने कार्यक्रम समाप्त कर दिल्ली पहुंच गए हैं। जहां पर हरियाणा प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति और लोकसभा चार उम्मीदवारों के नामों लेकर चिंतन मंथन के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके अलावा 2 से 3 दिनों में बीजेपी चुनाव समिति की दिल्ली में बैठक होगी। चुनाव समिति की बैठक में चार लोकसभा उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगा दी जाएगी मंत्रियों के पोर्टफोलियो पर विचार मंथन के बाद अंतिम रूप देने की तैयारी है, वैसे इस बारे में पहले ही सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल चिंतन मंथन कर चुके हैं।

**पूर्व मुख्यमंत्री ने सुनीं समस्याएं :** पार्टी कार्यालय कर्ण कमल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चंडीगढ़ में कुछ कार्य बचे हुए हैं जिन्हें दो-तीन दिनों में निपटाकर अब नियमित रूप से कार्यालय में बैठकर चुनाव की तैयारियों पर फोकस रखेंगे और चुनाव प्रचार का काम संभालेंगे। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

## पेड और फेक न्यूज पर नजर रखने को एमसीएमसी का गठन

**चंडीगढ़।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का सही मायने में पालन हो, इसके लिए राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के राजनीतिक विज्ञापनों, पेड न्यूज़ व फेक न्यूज़ पर पैनी नजर रखने व इनके सर्टिफिकेशन अनुमति प्रदान करने के लिए राज्य स्तर पर व जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष होंगे जबकि भारत के चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त एक पर्यवेक्षक, सूचना, लोक संपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़, पीआईबी/बीओसी, चंडीगढ़ की संयुक्त निदेशक संगीता जोशी, भारतीय प्रेस परिषद के गुरिंदर सिंह, सूचना, लोक संपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन विवेक कालिया और संयुक्त निर्वाचन अधिकारी , हरियाणा राजकुमार इस कमेटी के सदस्य मनोनीत किये गए हैं। कमेटी किसी भी राजनीतिक पार्टी, उम्मीदवार या किसी अन्य व्यक्ति को विज्ञापनों के संबंध में सर्टिफिकेशन प्रदान करने या अस्वीकार करने के संबंध में की गई अपील पर निर्णय लेगी। ऐसी अपीलों पर निर्णय केवल मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा ही लिया जायेगा। इस संबंध में चुनाव आयोग को संदर्भ देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी प्रकार पेड न्यूज़ की विरुद्ध की गई अपील के संबंध में जिला स्तर पर गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) स्वतः निर्णय लेगी और उम्मीदवार को नोटिस जारी करने के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को निर्देश जारी करेगी। इसी प्रकार भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार राज्य स्तर पर सर्टिफिकेशन कमेटी का भी गठन किया गया है जिसमें अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा हेमा शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया है।



■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष होंगे

**कई तरह की फूल-पत्तियों पर अनुसंधान शुरू**

## महाराणा प्रताप उद्यान विवि बनाएगा फूलों से हर्बल गुलाल

**चंडीगढ़।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल द्वारा के वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न फूल-पत्तियों से हर्बल गुलाल तैयार किये जा रहे हैं। इन प्रयासों में वैज्ञानिकों को गेंदे की फूल पत्तियों और चुकंदर से हर्बल गुलाल तैयार करने में सफलता पाई हैं। एमएचयू द्वारा विभिन्न फूलों पर अनुसंधान किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने इस संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है कि लोगों को किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ना है। जैसे-जैसे प्राकृतिक खेती बढ़ेगी उसी अनुरूप लोगों का रुझान भी प्राकृतिक खेती के उपजी फसलों की ओर जाएगा। उनके उत्पादों के फायदों के प्रति जागरूक करने के लिए एमएचयू तेजी से प्रयास कर रही हैं। उन्होंने बताया कि एमएचयू ने होली पर्व को देखते हुए गेंदे की फूल पत्तियों और चुकंदर से हर्बल गुलाल तैयार किया है जो केमिकल रहित है। बाकि कई प्रकार के फूलों से हर्बल गुलाल तैयार करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि आजकल लोगों में प्राकृतिक रंगों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। ऐसे में एमएचयू द्वारा तैयार किए जा रहे हर्बल रंगों का रुझान एकदम बढ़ेगा।

## स्टॉलवार्ट के चेयरमैन के घर ईडी की रेड

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** हाल ही में भाजपा में शामिल हुए स्टॉलवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग के निवास पर वीरवार दोपहर ईडी जांच के लिए पहुंची। खबर लिखे जाने तक यह जांच जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक चंडीगढ़ एस्टेट ऑफिस की सीनियर अस्सिटेंट सरोज कुमारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई में सरोज कुमारी के साथ 7-8 अधिकारी भी संदीप गर्ग के निवास में जांच के लिए मौजूद है। शाहाबाद से हुडा चौकी प्रभारी महेश कुमार ईडी की टीम का निवास के अंदर सहयोग कर रहे है। जानकारी के मुताबिक जब ईडी ने शाहाबाद के नेशनल हाईवे स्थित संदीप गर्ग के निवास पर दस्तक दी, तब संदीप गर्ग भीतर मौजूद थे। टीम दोपहर करीब 12 बजे संदीप गर्ग के निवास के बाहर पहुंची, लेकिन घर के अंदर मौजूद लोगों ने मेन गेट नहीं खोला। इसके बाद घर के पिछले दरवाजे से टीम भीतर घुसी और कार्रवाई शुरू की। खबर लिखे जाने तक टीम की कार्रवाई जारी है और टीम कितनी देर में बाहर आएगी, इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है।

उल्लेखनीय है कि संदीप गर्ग पिछले कई सालों से समाजसेवा के कार्य करके चर्चा में रहे है। वह कई जगह पर लोगों को पांच रुपये में खाना खिलाने के कारण चर्चा में रहे है।

■ देर रात तक ईडी की कार्रवाई जारी रही

## कई लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा

**चंडीगढ़।** अधिवक्ता रजत कल्सन समेत दर्जनभर सामाजिक कार्यकर्ताओं बृहस्पतिवार को अपने सैकड़ों साथियों के संग कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए सभी ने कांग्रेस ज्वाइन की। ह हुड्डा ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं के पार्टी में आने से कांग्रेस और मजबूती के साथ दलित व पिछड़ों की आवाज उठा पाएगी। उन्हें उम्मीद है कि सभी कांग्रेसजन पुरजोर तरीके से जमीनी स्तर पर वंचित वर्गों की लड़ाई लड़ेंगे। क्योंकि यह चुनाव सिर्फ राजनीतिक हार जीत का नहीं बल्कि सभी वर्गों की न्यासंगत सामाजिक और



राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने का है। उदयभान ने कहा कि केंद्र और राज्य में चल रही बीजेपी सरकार लगातार संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने का प्रयास कर रही है। बीजेपी नेता खुलेआम संविधान बदलने की बात कर रहे हैं।

## गठबंधन प्रत्याशी सुशील गुप्ता ने होली मिलन समारोह में लिया हिस्सा

**कुरुक्षेत्र/ चंडीगढ़ ।** आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता वीरवार को प्रेस क्लब कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा और आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष विशाल खुब्बड़ भी मौजूद रहे। इससे पूर्व, उन्होंने किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए युवा किसान शुभकरण सिंह की अस्थि कलश यात्रा कुरुक्षेत्र पहुंचने पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसान, मजदूर और युवा अपने बेटे की शहादत को हमेशा याद रखेंगे। वहीं उन्होंने पेहवा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आगामी



रणनीति को लेकर बैठक भी की। उन्होंने कहा कि मैंने भगवान श्री कृष्ण से आशीर्वाद लेकर कुरुक्षेत्र लोकसभा में अपनी चुनावी यात्रा शुरू कर रखी है। इस दौरान आम आदमी पार्टी और इंडिया गठबंधन के लोगों का भरपूर समर्थन और प्यार मिल रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा ने कहा कि सैकड़ों वर्ष पहले जब ये त्योहार मनाना शुरू हुए थे उसके पीछे एक ही मकसद था कि खुशियों को एक साथ मिलजुलकर मनाएं।

### खरीद केंदों की हालत खराब : अनुराग ढांडा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रदेश की अनाज मंडियों में सरसों की खरीद केंद्र पर अव्यवस्थाओं को लेकर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में फसल खरीद प्रक्रिया शुरू होने में महज 10 दिन बाकी हैं। लेकिन प्रदेश के ज्यादातर खरीद केंद्रों पर खरीद की तैयारी को लेकर कोई व्यवस्था नहीं है। 15 मार्च से सरसों की खरीद शुरू होनी थी, जबकि 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होनी है। मौजूदा हालात को देखकर ऐसा लगता है सरकार किसानों की फसलों को खरीदना ही नहीं चाहती। वहीं मेरी फसल मेरा ब्योरा के तहत प्रदेश के 9.25 लाख किसानों ने फसल बेचने के लिए 61.45 लाख एकड़ का पंजीकरण कराया है। जबकि 10.40 लाख एकड़ रकबा ऐसा है, जिसका डेटा मिसमैच है। इससे फैली अव्यवस्था के कारण किसानों फसल बेचने में परेशानी का सामना कर रहे हैं।

## सरकार के कुशासन से तंग आ चुकी प्रदेश की जनता : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का कोई भी प्रयोग सफल नहीं होगा। प्रदेश के लोग इनके साढ़े 9 साल के कुशासन से तंग आ चुके हैं और लोकसभा व विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के चेहरे बदल कर भाजपा ने अपने कुशासन व कुकृत्यों पर पर्दा डालने की जो कोशिश की है, उसमें इन्हें रत्ती भर भी सफलता नहीं मिलने वाली। सैलजा ने कहा कि भाजपा व जजपा का गठबंधन था तो एक बार भी किसी भी घोटाले की जांच को अंजाम तक नहीं पहुंचाया गया, क्योंकि जनता की गाढ़ी कमाई को चूसने में ये दोनों बराबर के भागीदार



■ भाजपा का कोई प्रयोग नहीं होगा सफल

■ चुनाव में सबक सिखाने को जनता तैयार

रहे हैं। कुछ घोटालों की जांच शुरू की गई, लेकिन जब भी किसी बड़े नेता की भूमिका सामने आती तो जांच को किसी न किसी बहाने से तुरंत रोक दिया जाता। प्रदेश की जनता जान चुकी है कि भ्रष्टाचार व घोटालों में ये बराबर के हिस्सेदार थे। पूर्व केंद्रीय ने कहा कि अब आने वाले दिनों में भाजपा नेता साढ़े 4 साल के भ्रष्टाचार की गठरी पूरी तरह से जजपा के सिर पर रखते हुए नजर आ सकते हैं।

### भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

चंडीगढ़। हरियाणा भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की है। कर्मचारी प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा ने सह संयोजकों, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों और जिला संयोजकों की नियुक्ति की है। भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पुनिहाणी ने बताया कि प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा ने सह-संयोजक के पद पर सूरत सिंह बाबलिया, सुखविन्द्र सिंह बराड, बलबीर रोहिल्ला, बलवंत पांचाल, एम.आर. लरोइयॉं को नियुक्त किया है। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी में शिव प्रसाद शर्मा, ए.के. भनोट, महेन्द्र सिंह नरवाल, रवि चौधरी, संजीव कुमार, बी. के.मेहता-रिटायर्ड कमांडेंट, सुख दर्शन अत्री, बलबीर सिंह-रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक, राजपाल शेरा, सतीश कौशल, रणबीर सिंह, हरीश चंद्र गुलाटी व अन्य को जगह दी गई है।

**HAFED CATTLE FEED PLANT, ROHTAK**
(A UNIT OF THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED)
HAFED
TEL: 276709, FAX: 277101, E-mail: cfphfdrtk@hry.nic.in
Web-site: www.hafed.gov.in

**SHORT TERM RE E-TENDER NOTICE FOR OLD BARDANA SALE**

1. Hafed invites short term RE E-TENDER from reputed Supplier for Sale of Old Bardana such as Old Plastic Katta, Old Unserviceable Bags Jute, Old damage bags Jute (Cut &torn), Old Katta Jute once use (packing of Wheat & Maize) & Iron Scrap.
2. The detail of earnest money/security amount and tender form can be downloads and submit from e-procurement system government of Haryana between 22.03.2024 09.00 AM to 26.03.2024 upto 05.00 PM. The tenderer may advice read the tender document carefully before submission of online tender. In case of any query/problem tenderer may contact undersigned.
3. The tender committee reserves the right to accept/reject any/all tenders without assigning any reason. After the final acceptance of the tender by the tender committee, no request for further increase of rate for any operation shall be entertained.

General Manager,
HCFP, Rohtak

# मंत्रियों को विभागों के बंटवारे पर हाईकमान की मुहर का इंतजार, बृहस्पतिवार को दिनभर लगते रहे कायस

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

राज्य के नवगठित मंत्री मंडल में शामिल मंत्रियों को अभी तक विभागों का बंटवारा नहीं हो सका है, इसके जल्द ही जारी होने की उम्मीद है। नवनियुक्त मंत्रियों में भी विभागों को लेकर अच्छी खासी होड़ अहम महकमें लेने की लगी हुई है लेकिन विभागों के बंटवारे का काम भी हाईकमान की परमिशन के बाद ही होगा। शुक्रवार अथवा शनिवार को इसके जारी होने की पूरी पूरी संभावनाएं हैं, क्योंकि इस पर होमवर्क पूरा करने से बाद इसे भी हाईकमान के पास में भेजा जा रहा है। विभागों का बंटवारा भले ही नहीं हुआ हो लेकिन सोशल मीडिया के माहिरों ने एक फर्जी संभावित सूची तैयार कर अपना काम कर दिया है। इस तरह से अफवाहों को भी पंख लगे हुए हैं। कई ग्रुपों और डिजीटल वैबसाइटों की ओर से इसे चलाया जा रहा है। हरियाणा सिविल सचिवालय और विभिन्न मंत्रियों के पास में काम कर चुके पीए ( निजी सहायक) पीएस (निजी सचिव) अधीक्षकों और सहायकों में अच्छी खासी प्रतिस्पर्धा चल रही है।

कई कर्मचारी अपनी सिफारिश पूर्व मंत्रियों और कई प्रमुख राजनेताओं से कराकर मलाईदार महकमों में लगने के लिए जुगाड़बाजी में जुटे हुए हैं। कुछ पूर्व मंत्रियों का स्टाफ नए मंत्रियों के पास में समायोजित भी हो गया है। कुल मिलाकर अहम विभागों और अहम पदों पर बैठने वाले सचिवालय स्टाफ की ओर से भी भागदौड़ कर नजर रखी जा रही है।

■ शनिवार तक विभागों के बंटवारे की संभावना

■ मंत्रियों के स्टाफ में लगने को भी भागदौड़



■ मुख्यमंत्री अंबाला व करनाल में कार्यक्रमों में शिरकत के बाद दिल्ली पहुंचे

■ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले मुख्यमंत्री

## गृह, स्वास्थ्य और आबकारी विभाग को लेकर सियासी गलियारों में चर्चा

फिलहाल, विभागों का बंटवारा नहीं होने के कारण नए मंत्री खुद के पास अहम विभाग होने का सपना पाले हुए हैं, इसके लिए वे दिल्ली दरबार तक में भागदौड़ से पीछे नहीं हट रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस कारण से भी विभाग बंटवारे में देरी हो रही है। खास बात यह है कि सियासी गलियारों सबसे ज्यादा बहस व चर्चा का विषय गृह विभाग, सीआईडी, एसीबी बने हुए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि नए सीएम इन विभागों को अपने पास रखने की तैयारी में हैं। इसके अलावा पूर्व डिप्टी सीएम के अहम विभागों को लेकर भी जोरदार लाबिंग हो रही है। जिसमें लोक निर्माण विभाग के साथ साथ में आबकारी व कराधान विभाग शामिल हैं। आयुष, सेहत विभाग, मेडिकल एजूकेशन व रिसर्च पर भी कई मंत्रियों की नजरें हैं। हरियाणा शहरी विकास विभाग, कृषि, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा को लेकर भी कई तरह के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन तस्वीर पूरी तरह से राज्य सरकार की ओर से अधिकृत सूची जारी होने के बाद ही साफ होगी। कुल मिलाकर पहले शपथ ग्रहण में शपथ लेने वाले और पूर्व में मंत्री पद संभालने वाले मंत्रियों के पास में अहम विभाग रहेंगे यह भी तय है, सूत्र बताते हैं कि अनुभवी और पुराने चहेरों को वरिष्ठता के हिसाब से अहम विभाग सौंपे जाने की संभावनाएं हैं। वहीं बृहस्पतिवार को मंत्रियों को विभागों को लेकर दिनभर कयासों का दौर चलता रहा।

**Government of Haryana/ हरियाणा सरकार**
Office of Distt. Food Civil Supplies and Consumer Affairs Controller, Jhajjar
कार्यालय जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक, झज्जर

**श्रम व ढुलाई एवं परिवहन कार्य हेतु पुनः टैण्डर सूचना**

रबी व खरीफ सीजन 2024-25 के दौरान झज्जर जिले की विभिन्न मंडियों में खाद्यान्न एवं स्टाक आर्टिकल के श्रम व ढुलाई तथा परिवहन से संबंधित कार्य हेतु सभी खरीद एजेंसियों के लिए श्रम व ढुलाई तथा परिवहन ठेकेदारों से ऑनलाईन टैण्डर आमंत्रित हैं। उपरोक्त निविदाएं निम्न प्रकार से नीचे वर्णित निर्धारित तिथि समय व स्थान पर आमंत्रित है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | Release/Calling of re-Tender @ 09:00 AM | Closing Date of re- Tender @ 09:00 AM | Opening of Technical Bid and checking of Documents @ 10:00 AM | Opening of Financial Bid and Negotiation & Finalization | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रम व ढुलाई | 22.03.2024 | 27.03.2024 | 27.03.2024 | As Per decision of Distt Tender Committee. | कॉन्फ्रेन्स हॉल प्रथम तल लघु सचिवालय, झज्जर |
| 2. | परिवहन | 22.03.2024 | 27.03.2024 | 27.03.2024 | As Per decision of Distt Tender Committee. | कॉन्फ्रेन्स हॉल प्रथम तल लघु सचिवालय, झज्जर |

1. निविदा पत्र तथा विस्तृत नियम एवं शर्तें इस विभाग की वेबसाईट अर्थात https://haryanafood.nic.in तथा https://etenders.hry.nic.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।
2. किसी परेशानी / पूछताछ के मामले में जिला खाद्य एवं पूर्ति नियन्त्रक, झज्जर / जिला खरीद एजेन्सी प्रबन्धक के साथ सम्पर्क किया जा सकता है।
3. जिला निविदा समिति बिना किसी कारण को बताए किसी भी / सभी निविदाओ को स्वीकार / रदद करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा समिति द्वारा निविदा की अंतिम स्वीकृति के पश्चात, किसी संचालन हेतु दर की आगे वृद्धि हेतु कोई निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. इसके अतिरिक्त टैण्डरदाता द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों मे से कोई प्रति स्पष्ट नजर नहीं आती है तो वह दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।
5. सभी टैण्डरदाता अपने-अपने दस्तावेजों जो पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे, उनको एक क्रमांक वाईज इन्डैक्स तैयार करके व सभी दस्तावेजों पर पेज नंबर लगाएगें तथा इन्डैक्स में यह भी दर्शाया जाएगा कि किस पेज नंबर पर कौन से दस्तावेज लगाए गए हैं।

(कुशलपाल बुरा)
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, झज्जर

रोहतक
शुक्रवार, 22 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 55
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 32.0
न्यून. 16.0

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 चार राज्यों में प्रभारियों का ऐलान

### हाईकोर्ट ने दिया झटका, गिरफ्तारी रोकने वाली याचिका खारिज, आप का प्रदर्शन

# शराब घोटाले में दो घंटे पूछताछ के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल गिरफ्तार

- *ईडी सर्च वॉरंट के साथ सीएम आवास पहुंची, धारा-144 लागू*
- *फोन जब्त, देर रात सुप्रीम कोर्ट पहुंचे केजरी के वकील*
- *अरेस्ट होने वाले पहले सिटिंग सीएम, इस केस में सिसोदिया-संजय भी जेल में*
- *आज पीएमएलए कोर्ट में होगी दिल्ली के सीएम की पेशी*
- *घर के बाहर प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ता हिरासत में लिए गए*
- *सूत्रों का दावा, के कविता ने लिया था अरविंद का नाम*

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में बृहस्पतिवार रात दो घंटे की पूछताछ के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा आप के राष्ट्रीय संयोजक को एजेंसी की किसी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार करने के कुछ ही घंटों बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान के बीच, केजरीवाल (55) की गिरफ्तारी पर आप ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। अधिकारियों ने बताया कि ईडी शुक्रवार को यहां एक अदालत में मुख्यमंत्री को पेश करेगी और पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में देने का अनुरोध करेगी। ईडी के अधिकारियों द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के दौरान दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त बलों के अलावा द्रुत कार्य बल (आरएएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया था। आप के काफी संख्या में समर्थक और नेता मुख्यमंत्री आवास के निकट एकत्र हुए और ईडी की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की। दिन में केजरीवाल ने मामले में कोई राहत देने से उच्च न्यायालय के इनकार करने संबंधी आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा।





### ऐसे चला घटनाक्रम

**दोपहर 2.30 बजे:** हाईकोर्ट ने केजरी की गिरफ्तारी पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज की।
**शाम 7:00 बजे:** ईडी की टीम सर्च वारंट लेकर केजरीवाल के घर पहुंची।
**शाम 7:30 बजे:** आप नेता सौरभ भारद्वाज को केजरीवाल के घर के अंदर जाने से रोका।
**शाम 8:00 बजे:** राघव चड्ढा बोले, केजरीवाल को अरेस्ट करने की साजिश।
**रात 8:01 बजे:** केजरी आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी। आरएएफ तैनात।
**रात 8:10 बजे:** केजरीवाल का फोन व दस्तावेज ईडी ने जब्त किए।
**रात 8:20 बजे:** केजरीवाल आवास के बाहर आप कार्यकर्ता और नेता जुटे।
**रात 8:30 बजे:** केजरीवाल के घर के बाहर धारा 144 लगाई गई।
**रात 8:47 बजे:** नारेबाजी कर रहे आप नेताओं को हिरासत में लिया।
**रात 9:00 बजे:** ईडी ने दो घंटे पूछताछ के बाद केजरी को अरेस्ट किया। इसके बाद उन्हें ईडी कार्यालय ले जाया गया।

### ये बड़े नेता गिरफ्तार हो चुके

ईडी ने पिछले हफ्ते बीआरएस नेता के. कविता को गिरफ्तार किया था। वह ईडी की हिरासत में हैं। कविता ने ही केजरीवाल का नाम लिया है। इसके अलावा दिल्ली के तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया 13 माह से और आप सांसद संजय सिंह 6 माह से जेल में बंद हैं।

### यह है मामला

यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली आबकारी नीति तैयार करने और उसे लागू करने में कथित भ्रष्टाचार एवं धन शोधन से संबद्ध है। हालांकि, बाद में यह नीति रद कर दी गई। आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह इस मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के आरोपपत्र में केजरीवाल के नाम का उल्लेख कई बार किया गया है। एजेंसी का आरोप है कि आरोपी आबकारी नीति बनाने के लिए केजरीवाल के संपर्क में थे।

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल बोले जेल से सरकार चलेगी

दिल्ली हाईकोर्ट ने भी गिरफ्तारी से बचाव की अंतरिम राहत नहीं दी

अर्जेंट सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट गई आप को नहीं मिली राहत कोर्ट ने कहा शुक्रवार को सुनेंगे

आप का ऐलान, आज भाजपा मुख्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

#### जेल से सरकार चलाएंगे

ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। वे दिल्ली के सीएम बने रहेंगे। केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे।
*-आतिशी, मंत्री दिल्ली सरकार*

#### कानून से ऊपर कोई नहीं

एक बार फिर सिद्ध हो गया है। देश में कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो। *-मनोहर लाल, पूर्व सीएम*

#### इस्तीफा दें केजरीवाल

लंबे समय तक बचने की कोशिश के बाद आखिरकार केजरीवाल कानून के शिकंजे में आ ही गए। अब उन्हें नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। आपकी करतूतों के बारे में दिल्ली के लोग जानते हैं।
*-संबित पात्रा, प्रवक्ता भाजपा*

#### टारगेट करना गलत

लोकसभा चुनाव के चलते दिल्ली के सीएम को टारगेट करना गलत है। ऐसे स्तर गिराना प्रधानमंत्री जी को शोभा नहीं देता।
*-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता*

## डेडलाइन से डेढ़ घंटे पहले एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड का पूरा ब्यौरा ईसी को सौंपा

**नई दिल्ली (भाषा)।** एसबीआई ने बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने चुनावी बॉण्ड के संबंध में अपने पास मौजूद सारी जानकारी डेडलाइन से डेढ़ घंटे पहले ही निर्वाचन आयोग को उपलब्ध करा दी है। शीर्ष कोर्ट में दाखिल एक अनुपालन हलफनामे में एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा ने कहा कि साइबर सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों के बैंक खाते की पूरी संख्या और केवाईसी के विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए। खारा द्वारा दाखिल हलफनामे में कहा गया, 'इसी तरह, सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए दानदाताओं के केवाईसी विवरण भी सार्वजनिक नहीं किए गए। हालांकि, तथ्य यह भी है कि ऐसी जानकारी प्रणाली में दर्ज/संकलित नहीं की जाती है।



खारा बोले- अकाउंट नंबर और केवाईसी के अलावा हमने कोई भी डिटेल नहीं रोकी

### यह दिया हलफनामा

हलफनामे में कहा, एसबीआई ने 15 फरवरी, 2024 और 18 मार्च 2024 को इस न्यायालय द्वारा पारित आदेशानुसार अब सभी विवरणों (पूर्ण खाता संख्या और केवाईसी ब्यौरा के अलावा) का खुलासा कर दिया है। राजनीतिक दलों की पहचान के लिए ये आवश्यक भी नहीं हैं। हलफनामे में कहा गया है कि एसबीआई ने जानकारी का खुलासा किया है, जिसमें बॉण्ड के खरीदार का नाम, उसका मूल्य और विशिष्ट संख्या, इसे भुनाने वाली पार्टी का नाम और बैंक खाता संख्या के अंतिम चार अंक दर्शाए गए हैं। पिछली बार इनकी जानकारी नहीं होने पर सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई के चेयरमैन को फटकार लगाई थी।

### आयोग ने भी चुनावी बॉण्ड विवरण सार्वजनिक किया

निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड के नए आंकड़े सार्वजनिक किए, जिनमें इनकी विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या भी शामिल हैं। विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या से, चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों के साथ बॉण्ड के खरीदारों का मिलान करने में मदद मिल सकती है।

## पूनिया हरियाणा और सहस्रबुद्धे राजस्थान के चुनाव प्रभारी बने

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को वरिष्ठ नेता व राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य विनय सहस्रबुद्धे को राजस्थान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष (राजस्थान) सतीश पूनिया को हरियाणा और राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह को आंध्र प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव के लिए इन नियुक्तियों को हरी झंडी दी है।

### ये सहप्रभारी बनाए

राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर को पूनिया के साथ हरियाणा का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी ने इस नियुक्ति में भी जातिगत समीकरण का संदेश दिया है।

**चीनी नागरिकों को वीजा मामला**

## कार्ति ने 50 लाख की रिश्वत ली : ईडी

**नई दिल्ली (भाषा)।** ईडी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक कंपनी के चीनी कर्मचारियों को पुनः वीजा दिलाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए करीबी सहयोगी के माध्यम से 50 लाख रुपये की रिश्वत ली। यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी।

## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक से इनकार

**चुनाव नजदीक, नए कानून पर रोक लगाई तो सिस्टम बिखरेगा**

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने दो नए चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर रोक लगाने वाली याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि 2023 का फैसला नहीं कहता कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए सिलेक्शन पैनल में ज्यूडीशियल मेंबर होना चाहिए। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने कहा कि वह चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति अधिनियम 2023 पर फिलहाल रोक नहीं लगा सकती, क्योंकि चुनाव नजदीक, नए कानून पर रोक लगाई तो सिस्टम बिखर जाएगा। इससे अव्यवस्था फैल जाएगी। नए चुनाव आयुक्तों के खिलाफ भी कोई आरोप नहीं हैं। हालांकि कोर्ट ने कानून को चुनौती देने वाली मुख्य याचिकाओं की जांच करने का आश्वासन दिया है।

### केंद्र से पूछा सवाल

बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा कि सिलेक्शन पैनल को उम्मीदवारों के नाम पर विचार करने के लिए वक्त क्यों नहीं दिया गया। कोर्ट ने 2023 अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सरकार से 6 हफ्ते में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी।

## थाइलैंड की महिला से रेप के दोषी होटल मैनेजर को 10 वर्ष की कैद

**हिसार।** जिला अदालत ने थाइलैंड की 40 वर्षीय महिला के साथ रेड स्कवेयर मार्केट के रिजेंसी होटल में दुष्कर्म करने के साढ़े तीन साल पुराने मामले में होटल मैनेजर गुलशन कुमार को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। होटल मैनेजर को दो माह पहले ही पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट से जमानत मिली थी। अदालत ने उसे दो दिन पहले दोषी करार दिया था, जिसे गुरुवार को सजा सुनाई गई। इस संबंध में पुलिस ने 7 अगस्त 2020 को थाइलैंड की महिला की शिकायत पर रिजेंसी होटल के मैनेजर गुलशन कुमार के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया था।

अदालत ने 50 हजार का जुर्माना भी लगाया
**2020 में पर्यटक के तौर पर आई थी महिला**

### यह दी थी शिकायत

पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा था कि वह 3 मार्च 2020 को पर्यटक के तौर पर दिल्ली आई थी। उसका वीजा 9 सितंबर 2020 तक का था। वह 6 अगस्त 2020 की रात को कुछ दोस्तों के साथ हिसार आई और रिजेंसी होटल में रुकी। उसी दिन रात करीब 10 बजे उसका दोस्त उसे अपनी कार में ले गया। दोस्त ने उसे रात लगभग 2.30 बजे होटल के आगे छोड़ दिया। इस दौरान मैनेजर गुलशन ने कमरे में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## हिसार लोकसभा सीट खाली बृजेंद्र सिंह का इस्तीफा मंजूर

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हिसार लोकसभा सीट खाली हो गई है। यहां से सांसद बृजेंद्र सिंह का इस्तीफा मंजूर हो गया है। गुरुवार को लोकसभा सचिवालय ने गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। 2019 में भाजपा की टिकट पर पहली बार सांसद के तौर पर बृजेन्द्र निर्वाचित हुए थे। बृजेंद्र ने 10 मार्च को सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे को लेकर पोस्ट की थी। हिसार लोकसभा सीट पर अब करीब दो माह बाद 25 मई को हरियाणा की शेष सभी सीटों के साथ मतदान होगा।



भाजपा छोड़ 10 मार्च को कांग्रेस ज्वाइन की थी

**रोमांच** पहला मुकाबला रात 8 बजे से चेन्नई और बेंगलोर के बीच

*13 देशों के 241 खिलाड़ी 66 दिन लगाएंगे चौके-छक्के*
*कुल 10 टीमें टूर्नामेंट में दिखाएंगी दम-खम*

## आईपीएल का आगाज आज से, ऐन वक्त पर चेन्नई ने बदला कप्तान

**चेन्नई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का रंगारंगा आगाज शुक्रवार से हो जाएगा। इस बार कुल 10 टीमें 66 दिन तक करीब 74 मुकाबले खलेंगी। इस टूर्नामेंट में 13 देशों के 241 खिलाड़ी 66 दिन तक चौके-छक्के लगाते दिखेंगे। पहला मुकाबला शुक्रवार को रात आठ बजे से चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच खेला जाएगा। खास बात यह है कि चेन्नई मुकाबले शुरू होने दिन पहले ही ऐन मौके पर अपने कप्तान को बदल दिया है। चेन्नई ने महेंद्र सिंह धोनी को कप्तानी से हटाकर टीम की कमान रूतुराज गायकवाड़ को सौंप दी है।

*धोनी को हटाकर गायकवाड को कमान*



### ऋतुराज 2019 से टीम का हिस्सा

गायकवाड 2019 से चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं और उन्होंने इस दौरान आईपीएल में 52 मैच खेले हैं। टीम आगामी सीजन का इंतजार कर रही है।' इस सीजन का ओपनिंग मैच चेन्नई और बेंगलोर के बीच एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुक्रवार को खेला जाएगा। 27 साल के युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड फ्रेंचाइजी के चौथे कप्तान बने हैं। इससे पहले, एमएस धोनी, सुरेश रैना और रवींद्र जडेजा टीम की कमान संभाल चुके हैं।

**अब अटकलों का दौर :** इसके साथ ही अब धोनी को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। धोनी के इस सत्र में आखिर में खेल को अलविदा कहने की अटकलें लगाई जा रही हैं और लगता है कि बदलाव उनके रहते करने की कवायद में यह फैसला लिया गया है।

*(खेल पेज भी देखें)*

### पांच बार चैम्पियन बन चुकी चेन्नई

पांच बार की चैम्पियन पिछली विजेता चेन्नई की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर हैं । दूसरी ओर महिला प्रीमियर लीग में अपनी टीम के खिताब जीतने के बाद अब आरसीबी की पुरुष टीम भी इस कमी को पूरा करना चाहेगी। लेकिन दोनों टीमों के सामने कई अनुत्तरित प्रश्न हैं। सीएसके के सीईओ कांशी विश्वनाथ ने कहा कि धोनी जो भी करते हैं वह टीम के हित में होता है। हमें उनके फैसले का सम्मान करना चाहिए। मुझे भी कप्तानों की बैठक से पहले इसके बारे में जानकारी मिली।



65 दिन में खेले जाएंगे 74 मुकाबले

28 मई को खिताबी महामुकाबला

# संन्यास की अटकलें, 16 साल से खिताब की कसक, दूसरी जिंदगी और आईपीएल में दिखेगा कप्तानी छिनने का दर्द

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिए काफी होंगी।

कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नए सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी।

### धोनी ने फिर किया हैरान



सभी को हैरान करने वाले फैसले लेने में माहिर धोनी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल के उद्घाटन मैच की पूर्व संध्या पर कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। अब सीएसके की कमान रुतुराज गायकवाड़ के हाथ में होगी। धोनी से हालांकि जब यह पूछा जाएगा कि क्या यह उनका आखिरी टूर्नामेंट है तो शायद एक बार फिर वह मुस्कुराकर रह जाएंगे।

### रोहित अब कप्तान नहीं






अपने बिंदास मुंबइया अंदाज के पीछे दर्द छिपाने वाले रोहित वानखेड़े स्टेडियम पर उतरेंगे लेकिन इस बार कप्तान नहीं होंगे। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे। 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी जिसके लिए वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं।

### पंत की वापसी



धोनी के वारिस माने जाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज पंत भयावह कार दुर्घटना में जीवनदान पाकर मैदान पर लौट रहे हैं और दुनिया को दिखाना चाहेंगे कि उनकी बाजुओं में अभी भी वही दम है।




### हार्दिक से खिताब की आस

2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिए मजबूर किया। हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जाएंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेंगी।

### खिताब का इंतजार

आरसीबी के लिए सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनाएं लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिए दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा।

### लखनऊ, दिल्ली, गुजरात राजस्थान और हैदराबाद दोहराएंगे प्रदर्शन

लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।

### गंभीर की वापसी



केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है।

## खबर संक्षेप



### स्मृति, रिचा हंड्रेड के ड्राफ्ट में शामिल

**लंदन।** महिला प्रीमियर लीग विजेता कप्तान स्मृति मंधाना और विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ही वे भारतीय क्रिकेटर हैं जिन्हें 'द हंड्रेड' के ड्राफ्ट में चुना गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को डब्ल्यूपीएल खिताब दिलाने वाली मंधाना को सदर्न ब्रेव वुमेंस ने चुना जबकि रिचा को बर्मिंघम फीनिक्स वुमेंस ने चुना है। मंधाना ने डब्लूपीएल में 10 मैचों में 300 रन बनाए जबकि रिचा ने दस मैचों में 142 के स्ट्राइक रेट से 257 रन जोड़े।

### ओलंपिक में शरत कमल होंगे भारत के ध्वजवाहक

**नई दिल्ली।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे, जबकि दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को गुरुवार को देश के दल का प्रमुख (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने यह घोषणा करते हुए बयान में कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी 'ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है।' कमल ने पीटीआई से कहा, ''पिछले तीन सप्ताह अविश्वसनीय रहे। ओलंपिक में जगह पक्की न होने से लेकर सिंगापुर में पिछले सप्ताह किए गए प्रदर्शन, रैंकिंग में 54 पायदान की छलांग लगाना और अब ध्वजवाहक नियुक्त किया जाना।''

## मर्रे ने मियामी ओपन के दूसरे दौर में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶। मियामी गार्डन्स

एंडी मर्रे ने एक और मैराथन मुकाबला जीतते हुए इटली के माट्टेओ बेरेटिनी को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली। इस सत्र में एटीपी टूर पर पहला मैच खेल रहे बेरेटिनी अच्छी शुरुआत के बाद लय कायम नहीं रख सके। दूसरे सेट में उन्हें मेडिकल सहायता भी लेनी पड़ी। दूसरा सेट गंवाने के बाद वह कोर्ट से चले गए लेकिन वापस आकर दो घंटे 49 मिनट तक चला मैच खत्म किया। मर्रे ने आस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के पहले दौर में साढ़े चार घंटे तक चला मुकाबला 6-3, 6-3, 4-6, 6-7, 7-6 से जीता था। महिला वर्ग में दो बार की अमेरिकी ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका ने एलिसाबेट्टा कोसियारेट्टो को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना 15वीं रैंकिंग वाली एलिना स्वितोलिना से होगा। पुरुष वर्ग में डेनिस शापोवालोव ने लूसियानो डारडेरी को 6-3, 6-7, 6-4 से हराया। वहीं मार्टिन डैम जूनियर ने चीन के झांग झिजेन को 7-6, 7-6 से मात दी।

## अशोक, परमजीत को पैरालंपिक कोटा



**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अशोक और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ठाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 192 और 196 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं 49 किलो वर्ग में परमजीत ने 160 और 166 किलो वजन उठाया और मामूली अंतर से स्वर्ण से चूक गए।

## अंश ने रचा इतिहास, फ्यूचर कैटिगरी का जीता खिताब



**मुंबई।** ग्यारह वर्षीय अंश नेरुरकर प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस युवा खिलाड़ी ने इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार भी हासिल किया। नेरुरकर ने नौ दौर की प्रतियोगिता में आठ अंक बनाए। उन्होंने इस दौरान सात बाजियां जीती जबकि दो बाजियां ड्रॉ खेली। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 132 रेटिंग अंक मिले जिससे उनके कुल अंक की संख्या 1786 हो गई है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार नेरुरकर ने इसके साथ ही कैंडिडेट मास्टर प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया। उन्होंने अपने करियर में अभी तक 163 जीत दर्ज की हैं जबकि 47 बाजियां ड्रॉ खेली हैं। इस बीच उन्हें 68 बाजियों में हार का सामना भी करना पड़ा।

## स्विस ओपन में त्रीसा-गायत्री जीते, तनीषा-अश्विनी बाहर

**बासेल (स्विट्जरलैंड)।** त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने गुरुवार को यहां हमवतन प्रिया कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा को सीधे गेम में हरा कर स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता और यहां आठवीं वरीयता प्राप्त त्रीसा और गायत्री की जोड़ी को जीत के लिए किसी तरह की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने प्रिया और श्रुति को 36 मिनट में 21-10, 21-12 से हराया। त्रीसा और गायत्री का अगले दौर में ऑस्ट्रेलिया की सेत्याना मापासा और एंजेला यू से मुकाबला होगा। तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की दुनिया की 20वें नंबर की की जोड़ी हालांकि जापान की दुनिया की 30वें नंबर की रुई हिरोकामी और युना काटो से 17-21, 16-21 से हार गईं।






बीसीसीआई ने एक पद के लिए मंगाया है आवेदन

## मिथुन, निखिल चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली



भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है। पंजाब के पूर्व क्रिकेटर और सितंबर 2021 से जूनियर चयन समिति के सदस्य कृष्ण मोहन ने भी सीनियर चयन समिति का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है। भारत के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 25 जनवरी थी लेकिन शुक्रवार से आईपीएल शुरू होने के कारण बोर्ड के पास यह पद भरने के लिए अभी काफी समय है।

### सलेक्टर के लिए योग्यता

बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा, 'चयनकर्ता बनने की दौड़ में कुछ मजबूत उम्मीदवार हैं। इनमें मिथुन, चोपड़ा और मोहन भी शामिल हैं।' मिथुन ने अपने करियर में 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं तथा वह 2010 से लेकर 2014 तक आईपीएल का हिस्सा भी रहे। चोपड़ा ने भारत की तरफ से एक टेस्ट और 39 वनडे मैच खेले हैं। इस पद के लिए वही खिलाड़ी आवेदन कर सकता है जिसने कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। उस खिलाड़ी के नाम पर भी विचार किया जाएगा जिसको कम से कम 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने का अनुभव हो।

## चिंतन

# एनपीए में कमी आने से सुधरेंगे बैंकिंग सेक्टर

बेशक अमेरिकी व यूरोपीय बैंकिंग सेक्टर की हालत पतली है और बैंकों को कर्ज पर ब्याज बढ़ाने पड़ रहे हैं, लेकिन भारतीय बैंकों की हालत में सुधार हो रही है। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के एनपीए (गैर-निष्पादित आस्तियों) में कमी आ रही है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि पिछले छह माह में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में इस अवधि के दौरान गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। पिछले वर्ष दिसंबर में सरकार ने संसद में कहा था कि वर्ष 2015 से वर्ष 2023 के बीच बैंकों का एनपीए 10.42 लाख करोड़ है। इस दरम्यान करीब 1.61 लाख करोड़ रुपये एनपीए की वसूली भी हुई। सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक बैंड बैंक, वसूली के प्रति सख्ती, दिवालिया कानून में बदलाव, कड़ी मौद्रिक नीति, तर्कसंगत ब्याज दरें और सरकार की ओर से समय समय पर पीएसबी को पूंजी सहयोग के चलते भारतीय बैंकों के एनपीए में कमी आई और बैंकों की वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ। ताजा सर्वे के मुताबिक, आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा। सर्वे में यह तथ्य भी सामने आया है कि इस अवधि में 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है। सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि अगले छह महीनों में गैर-खाद्य उद्योग ऋण के लिए दृष्टिकोण आशावादी है, 41 प्रतिशत बैंकों को गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से ऊपर रहने की उम्मीद है, जबकि 18 प्रतिशत को लगता है कि गैर-खाद्य उद्योग ऋण वृद्धि 12 प्रतिशत से अधिक होगी। उद्योगों को कर्ज वृद्धि 10-12 प्रतिशत की सीमा में होगी। वित्त वर्ष 2024 के अंत तक भारतीय बैंकों का सकल एनपीए अनुपात 2.90-3.05 प्रतिशत हो सकता है। 30 सितंबर, 2023 तक एनपीए अनुपात 0.8 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर था। एसएंडपी ग्लोबल का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025 तक एनपीए गिरकर 3.5% हो जाएगा। एनपीए का मतलब है गैर-निष्पादनकारी परिसंपत्तियां। यह वित्तीय संस्थानों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक ऐसा वर्गीकरण है जिसका सीधा संबंध कर्ज/ऋण/लोन न चुकाने से होता है। जब ऋण लेने वाला व्यक्ति 90 दिनों तक ब्याज अथवा मूलधन का भुगतान करने में विफल रहता है तो उसको दिया गया ऋण एनपीए माना जाता है। आरबीआई ने अपनी द्विवार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में बताया कि शुद्ध एनपीए रेश्यो गिरकर 1.0 फीसदी पर आ गया है। जनधन खाते, कृषि क्षेत्र को सस्ती दर पर लोन, मुद्रा लोन, स्ट्रीट वेर को कर्ज व नई विश्वकर्मा योजना आदि के बावजूद अगर भारतीय बैंक एनपीए कम करने में सफल हो रहे हैं, तो यह बेहतर बैंकिंग प्रबंधन व अनुशासित वित्तीय प्रबंधन के बल पर संभव हो रहा है। एनपीए में कमी बैंकिंग सेक्टर की ग्रोथ को गति प्रदान करेगी, इसके लिए जरूरी है कि बैंक एनपीए वसूली के प्रति सख्त, सतर्क स सजग रहें।

## राजनीति

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# सरकार के गठन में महिला वोटरों की होगी अहम भूमिका

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18वीं लोकसभा के चुनाव का बिगुल बज गया है। सीधी सी बात है कि 4 जून चुनाव परिणाम के दिन दोपहर बाद तक 18वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनावों ने देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीदवारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आम चुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2019 के आम चुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्यधारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है। सबसे अच्छी बात यह है कि गांव हो या शहर महिलाएं अब पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। पिछले चुनावों के आंकड़ों से यह सब साफ हो चुका है। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता है तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम है। कमोबेश यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है। 2019 के चुनावों में पुरुष मतदाताओं का प्रतिषत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रीपिट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिषत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। विगत दो लोकसभा चुनाव परिणामों से सबक लेते हुए अब सभी राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के हरसंभव प्रयास में जुट गए हैं। यही कारण है कि महिलाओं को लुभाने वाली योजनाएं और कार्यक्रम ना केवल घोषित किए जा रहे हैं, अपितु राजनीतिक दलों के आने वाले चुनाव घोषणा पत्रों में महिला मतदाताओं को लुभाने के हरसंभव प्रयास होंगे। देश की विभिन्न प्रदेशों की विधान सभाओं के चुनावों में हम यह साफ रूप से देख चुके हैं। केन्द्र सरकार की उज्ज्वला योजना, मध्यप्रदेश की लाडली योजना, लखपति लाड़ली योजना, महिला मुखिया को नकद राशि और मुफ्त बस यात्रा ने कांग्रेस को कर्नाटक और तेलंगाना में देखा जा चुका है। आप महिला सम्मान योजना के माध्यम से महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है। खैर यह अलग बात है, पर यह साफ हो चुका है कि देश के लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाने जा रही है। अब महिला मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता। महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी इसे शुभ संकेत माना जा सकता है। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं कि आने वाले चुनावों में राजनीतिक दलों की निगाहें महिला मतदाताओं की और ही रहेगी।



(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिक्षा में बुद्धिमत्ता से हो एआई का प्रयोग



दरकार

शिशिर शुक्ला

> कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक वरदान के रूप में देखते हुए हमें इसका उपयोग विषम परिस्थितियों एवं ऐसी स्थिति में करना चाहिए जहां पर मानव सामान्य रूप से कार्य करने में समर्थ नहीं है। उदाहरण के लिए, हमने 3 वर्ष पहले कोरोना जैसी महामारी को झेला है। इस महामारी ने प्रत्येक मनुष्य को किसी न किसी रूप में एवं किसी न किसी स्तर तक प्रभावित किया है। ऐसे गंभीर संकटों के समय में शिक्षा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए कृत्रिम मेधा का सहारा लिया जाना चाहिए। निष्कर्षत: यही कहा जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग शिक्षा के स्वरूपमें आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है बशर्ते कि वह प्रयोग बुद्धिमत्ता के आधार पर किया जाए।

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है। यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शुरुआत 1950 में हुई थी, किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। हाल की बात की जाए तो नवंबर 2022 में चैट जीपीटी नामक ओपन एआई चैटबॉट के अस्तित्व में आने के बाद कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में निस्संदेह एक क्रांतिकारी प्रादुर्भाव हुआ है। चैट जीपीटी में उच्च स्तरीय अल्गोरिथम एवं प्रोग्रामिंग का प्रयोग करके प्रश्नों के उत्तर देने का एवं मानव के उन सभी कार्यों को सहज व सरल बनाने का प्रयास किया जाता है, जिनको पूर्ण करने के लिए उसे अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करना पड़ता है। इसी चैट जीपीटी को रोबोट के साथ संयुक्त करके कृत्रिम शिक्षक को अस्तित्व में लाया गया है। यहां पर एक विचारणीय प्रश्न यह उठता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का प्रयोग कहां तक उचित है एवं अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकास के मार्ग पर इसी द्रुत गति से दौड़ती रही तो भविष्य का स्वरूप कैसा होगा। अभी कुछ ही दिन पहले की बात है कि इंग्लैंड के एक स्कूल ने एआई चैटबॉट को प्रिंसिपल हेड टीचर बनाया है एवं विद्यार्थियों को भी एआई आधारित पर्सनल असिस्टेंट दिए गए हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है, अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही मिलेगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है, किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता, क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचार शक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक



है। आंकड़े यह कहते हैं कि एआई वर्ष 2030 तक 30 करोड़ नौकरियां खा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संबंध में की गई टिप्पणी भी यह कहती है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक ऐसी तकनीकी क्रांति है जो हमारी उत्पादकता, वैश्विक आय एवं विकास को बढ़ाएगी, किंतु यही तकनीकी क्रांति नौकरियां लील सकती है एवं असमानता की खाई को और अधिक चौड़ा कर सकती है। आखिर इन सभी रिपोर्टों का क्या मतलब है। क्या भविष्य में शिक्षक अपनी नौकरी से हाथ धो बैठेगा एवं उसे प्रतिस्थापित करने वाली एक निर्जीव मशीन होगी। संभवतः ऐसा अनुमान इसलिए लगाया जा रहा है कि मशीनी शिक्षक को कोई तनख्वाह नहीं चाहिए। उसे केवल और केवल अपने अंदर लगाई गई बैटरी की चार्जिंग की आवश्यकता है। वहीं दूसरी तरफ बजट का एक अच्छा खासा हिस्सा शिक्षकों के वेतन पर खर्च होता है। दूसरा बिंदु यह है कि मानव शिक्षकों के द्वारा समय-समय पर अपनी विभिन्न मांगों को प्रस्तुत किया जाता है एवं उनके पूर्ण न होने की दशा में विरोध प्रदर्शन भी किया जाता है, जबकि मशीनी शिक्षक कभी किसी तरह की कोई मांग प्रस्तुत नहीं करेगा, विरोध प्रदर्शन तो बहुत दूर की बात हो गई। कुछ अन्य अंतरों पर गौर करें तो मशीनी शिक्षक विद्यार्थियों को एक ही विषय चाहे जितनी बार पढ़ा सकता है जबकि मानव शिक्षक को एक ही बिंदु अथवा अध्याय की बार-बार पुनरावृत्ति करने के लिए कहने पर उसे मानसिक तनाव अथवा झुंझलाहट का अनुभव हो सकता है। इन तर्कों से तो यही प्रतीत होता है कि एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक बुद्धि पर आधारित मानव शिक्षक से हर मामले में बेहतर साबित होगा, किंतु यह केवल और केवल कोरी कल्पना है। सत्य यही है कि मानवता का स्थान मशीन कभी नहीं ले सकती। सवाल यह उठता है कि एआई को शिक्षा के क्षेत्र में किस हद तक दखल देने की अनुमति दी जाए।

तकनीक के सदैव से दो पहलू रहे हैं- सकारात्मक एवं नकारात्मक। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है, लेकिन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं तो यह बेहतर होगा, किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी। इसके लिए यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों को स्वयं अच्छे एवं बुरे की पहचान करते हुए सकारात्मक एवं प्रगति की ओर ले जाने वाली दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। शिक्षकों के द्वारा कृत्रिम बुद्धिमता का सहारा केवल अपने ज्ञानवर्धन एवं विषय की अद्यतन जानकारी हेतु ही करना चाहिए। अनुप्रयोगों एवं नवाचारों के माध्यम से शिक्षक को हमेशा यह सिद्ध करते रहना चाहिए कि एक मशीन चाहे कितनी ही उन्नत दशा में क्यों न पहुंच जाए, वह एक जीते जागते शिक्षक का मुकाबला कदापि नहीं कर सकती। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक वरदान के रूप में देखते हुए हमें इसका उपयोग विषम परिस्थितियों एवं ऐसी स्थिति में करना चाहिए जहां पर मानव सामान्य रूप से कार्य करने में समर्थ नहीं है। उदाहरण के लिए, हमने 3 वर्ष पहले कोरोना जैसी महामारी को झेला है। इस महामारी ने प्रत्येक मनुष्य को किसी न किसी रूप में एवं किसी न किसी स्तर तक प्रभावित किया है। ऐसे गंभीर संकटों के समय में शिक्षा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए कृत्रिम मेधा का सहारा लिया जाना चाहिए। निष्कर्षतः यही कहा जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग निस्संदेह शिक्षा के स्वरूप एवं स्तर में आमूलचूल परिवर्तन कर सकता है बशर्ते कि वह प्रयोग बुद्धिमत्ता के आधार पर किया जाए।

(लेखक भौतिकी विभाग में विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित

**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित

**प्रेरणा**

एकबार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहाः मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहाँ-जहाँ भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहाँ-जहाँ गए, स्नान किया वहाँ-वहाँ स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रिओ ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रिओ को बोध हो गया कि, हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आये है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ग्लोबल वार्मिंग के समाधान को हो गंभीर चिंतन

ग्लोबल वार्मिंग प्राणी जाति के साथ देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए बेहद हानिकारक है, क्योंकि इससे फसलों को जो नुकसान होता है, साथ में बीमारियों का कारण ग्लोबल वार्मिंग बनता है, उसके लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है। वैसे तो गर्मियों का मौसम आने ही वाला है, लेकिन समय से पहले ही गर्मी के मौसम जैसा माहौल बनना कहीं ग्लोबल वार्मिंग के खतरे की घंटी तो नहीं? मार्च में ही देश के कुछ राज्यों का तापमान जितना बढ़ रहा है, उतना बढ़ना नहीं चाहिए।

- संजय श्रीवास्तव, धमतरी

## ट्रेंड

### नैतिक दिवालियापन



कांग्रेस को जनता पूरी तरह से खारिज कर देगी। भारतीय लोकतंत्र और संस्थानों के खिलाफ बयानबाजी की। वे आसानी से अपनी अप्रासंगिकता का दोष 'वित्तीय परेशानियों' पर मढ़ रहे हैं। दरअसल, उनका दिवालियापन आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक और बौद्धिक है।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री

### माफी नहीं मांगी



ट्रंप और उनके सहयोगियों ने रो बनाम वेड को पलटने के लिए कोई माफी नहीं मांगी। दरअसल, वे इसके बारे में डींगें हांकते हैं। उन्हें महिलाओं की शक्ति के बारे में कोई अंदाज़ा नहीं है-लेकिन वे इसका पता लगाने वाले हैं।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### साजिश कर रहे पीएम



कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते एक महीने पहले फ्रीज कर दिए। कांग्रेस को देश की 20 प्रतिशत जनता वोट देती है, लेकिन चुनाव से ठीक पहले आने जाने के लिए टिकट नहीं खरीद सकते। कांग्रेस के खिलाफ साजिश हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री कर रहे हैं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### सड़क पर हरे-भरे डिवाइडर



दिल्ली में, हवाई अड्डे के रास्ते में आप चाणक्यपुरी में नव पुनर्निर्मित सार्वजनिक उद्यान, राजमार्ग के दोनों ओर और सड़क के डिवाइडरों पर हरे-भरे भूदृश्य और रंग-बिरंगे फूलों की बहुतायत देखते हैं। सुथरे फुटपाथों को नहीं भूलना चाहिए।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# भारत-अमेरिका संबंध पहले से अधिक मजबूत : पेंटागन



अमेरिका के रक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध गहरे हो रहे हैं और पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। हालांकि कांग्रेस (संसद) के एक प्रभावशाली सदस्य ने इस बात पर जोर दिया कि रूस के साथ रिश्तों की वजह से भारत का रुख 'इधर-उधर' वाला है। हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर संसद की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। रैटनर ने डेमोक्रेटिक पार्टी से कांग्रेस के सदस्य एडम स्मिथ के एक प्रश्न के उत्तर में कहा, 'मैं अमेरिका-भारत रिश्तों को पहले से कहीं अधिक विकसित और मजबूत कहूंगा और ये स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के हमारे दृष्टिकोण के लिए जरूरी हैं।' उन्होंने कहा, 'हम संबंधों को कई क्षेत्रों में मजबूत कर रहे हैं जिसमें सह-उत्पादन शामिल है जहां हमने जेट इंजनों पर कुछ अहम प्रगति की है। हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को एकीकृत करने के लिए बख्तरबंद वाहनों पर कुछ नई परियोजनाएं भी शामिल हैं, जो रिश्तों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में अहम हैं।'

## ऑफ बीट

# बच्चों के लिए भोजन जुटाना माता-पिता को पड़ रहा भारी



सबसे अच्छे समय में शिशुओं और छोटे बच्चों को खाना खिलाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। लेकिन जब परिवार पर्याप्त भोजन नहीं खरीद सकते, तो अलग-अलग रंग की सब्जियों, या आयरन से भरपूर मांस की बात तो छोड़ ही दें, यह और भी कठिन है। हमारे हाल ही में प्रकाशित शोध में, माता-पिता ने हमें बताया कि आर्थिक तंगी होने पर वे बच्चों को खिलाने के लिए कितनी मेहनत करते हैं। उन्होंने हमें यह भी बताया कि कैसे बजट की हमेशा मौजूद रहने वाली गड़बड़ी और पारिवारिक जीवन की वास्तविकताओं ने रिश्तों को तनावपूर्ण बना दिया और उनके मानसिक बोझ को बढ़ा दिया। जीवन-यापन की लागत के संकट में, छह में से एक ऑस्ट्रेलियाई बच्चा गरीबी में रहता है। पहले से कहीं अधिक परिवार खाद्य बैंकों से मदद मांग रहे हैं। इसलिए हमने माता-पिता से पूछा कि जब पैसे की तंगी हो तो छोटे बच्चों को खाना खिलाना कैसा होता है। हमने 29 ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता का साक्षात्कार लिया जिनके कम से कम एक बच्चे की उम्र छह महीने से तीन साल के बीच थी। अधिकांश की आय गरीबी रेखा के आसपास या उससे नीचे थी। माता-पिता की औसत आयु 32 वर्ष थी, जिसमें 28 माताएँ और एक पिता शामिल थे। उन्होंने हमें जो जानकारी दी वह इस प्रकार थी। पारिवारिक तनाव बढ़ता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# लोकसभा का रण

# बैंक खातों को 'फ्रीज' करने को लेकर पक्ष-विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप

## भाजपा की तीसरी लिस्ट जारी तमिलनाडु से 9 नाम घोषित

भाजपा की तीसरी लिस्ट गुरुवार को आ गई है। इसमें तमिलनाडु के 9 उम्मीदवारों का ऐलान किया गया है। इसमें तेलंगाना की राज्यपाल रहीं तमिलिसाई सुंदरराजन को चेन्नई साउथ से टिकट दिया गया है। राज्य के भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई को कोयंबटूर और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को नीलगिरि से उतारा गया है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं, इनमें से भाजपा ने 10 पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) को दी हैं। पार्टी अब तक 276 सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है।



**तमिलिसाई सुंदरराजन :** तेलंगाना की राज्यपाल पद से इस्तीफा देकर भाजपा का हाथ थाम लिया था। उन्हें साउथ चेन्नई से टिकट दिया गया है।



**विनोज पी सेल्वम :** चेन्नई सेंटल से चुनाव लड़ेंगे। एनडीए गठबंधन में वह पट्टाली मक्कल काची पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ेंगे।



**एसी शनमुगम :** एसी शनमुगम का जन्म तुलुवा वेल्लाला परिवार में हुआ। एआईएडीएमके के राजनेता के रूप में 1984 में संसद के लिए चुनाव जीता।



**सी नरसिम्हा :** तमिलनाडु की कृष्णागिरि से चुनाव लड़ेंगे। वह एनडीए गठबंधन से एआईएडीएमके की तरफ से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।



**एल मुरुगन :** केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को नीलगिरि से उतारा गया है। वह एनडीए गठबंधन से एआईएडीएमके की तरफ से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।



**के. अन्नामलाई :** अन्नामलाई के लिए कहा जाता है कि वो जहां भी जाते हैं लोगों के चहेते बन जाते हैं। वह कोयंबटूर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।



**टीआर पारिवेंधर :** वह पेरंबलूर से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। वह एनडीए गठबंधन से एआईएडीएमके की तरफ से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।



**नयनार नागेंद्रन :** तिरुनेलवेल्ली से लोकसभा के लिए मैदान में उतरेंगे। वह एनडीए गठबंधन से एआईएडीएमके की तरफ से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।



**पी राधाकृष्णन :** पी राधाकृष्णन कन्याकुमार से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। इनको लोकसभा चुनाव के लिए बड़ा उम्मीदवार माना जा रहा है।

# यह पार्टी को पंगु बनाने की साजिश : कांग्रेस
# हार से हताश कांग्रेस बहाने बना रही : भाजपा

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पार्टी के बैंक खातों को 'फ्रीज' (लेनदेन पर रोक) किए जाने के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस को उसके बैंक खातों के इस्तेमाल की अनुमति दी जानी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को बराबर धरातल पर चुनाव लड़ने से रोकने के लिए सत्तापक्ष की तरफ से यह 'खतरनाक खेल' खेला जा रहा है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि देश में लोकतंत्र नहीं बचा है और कांग्रेस पार्टी के खातों को नहीं बल्कि लोकतंत्र को 'फ्रीज' कर दिया गया है।

### चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस को उसके बैंक खातों के इस्तेमाल की अनुमति दी जानी चाहिए



कांग्रेस के तीन शीर्ष नेताओं ने उस समय एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया है जब गत 13 मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय ने आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी) के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें 100 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया कर की वसूली के लिए कांग्रेस पार्टी को आयकर विभाग की ओर से जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था। हालांकि, उच्च न्यायालय ने पार्टी को तब नये स्थगन आवेदन के साथ आईटीएटी का रुख करने की स्वतंत्रता दी जब उसके ध्यान में लाया गया कि बैंक ड्राफ्ट के नकदीकरण के बाद आयकर विभाग द्वारा 65.94 करोड़ रुपये की राशि पहले ही वसूल की जा चुकी है। सोनिया गांधी ने कहा, "प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। जनता से एकत्रित धन को रोका जा रहा है और हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा, "इन सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी हम अपने चुनाव अभियान की प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।"

### कांग्रेस राजनीतिक रूप से सूख कर 'कांटा' हो गई है फिर भी अहंकारपूर्ण व्यवहार कर रही



भाजपा ने आरोप लगाया कि बैंक खातों को लेकर आयकर विभाग की कार्रवाई को कांग्रेस द्वारा 'लोकतंत्र को फ्रीज' करना करार देना देश का अपमान है। साथ ही पार्टी ने दावा किया कि इस मसले पर सरकार पर हमले कर विपक्षी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार को देखते हुए हताशा में बहाने बना रही है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और सोनिया गांधी पर भी निशाना साधा तथा कहा कि दोनों ने अपनी 'बेहद गैर जिम्मेदाराना और शर्मनाक' टिप्पणियों से विश्व स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज किए जाने को लेकर राहुल गांधी को अदालत और निर्वाचन आयोग जैसी संस्थाओं पर आक्षेप लगाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राजनीतिक रूप से सूख कर 'कांटा' हो गई है फिर भी अहंकारपूर्ण व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी ने कहा है कि अगर कांग्रेस का खाता फ्रीज हुआ है तो देश का खाता फ्रीज हुआ है।

## चुनाव के पहले भाजपा ने किया फेरबदल



## 4 राज्यों में नए चुनाव प्रभारियों का ऐलान

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के पहले 4 राज्यों में अपने नए चुनाव प्रभारियों का ऐलान कर दिया है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश में अपने नए चुनाव प्रभारी नियुक्त किए हैं। ओमप्रकाश माथुर को छत्तीसगढ़, प्रकाश जावड़ेकर को तेलंगाना, राजस्थान के लिए प्रह्लाद जोशी और भूपेंद्र यादव को मध्य प्रदेश की कमान सौंपी है। सह चुनाव प्रभारियों की भी नियुक्ति की है। प्रह्लाद जोशी को राजस्थान का चुनाव प्रभारी तो नितिन पटेल, कुलदीप बिश्नोई को सह चुनावी प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ की बात करें तो ओम प्रकाश माथुर को चुनाव प्रभारी और डॉ. मनसुख मांडविया को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में भूपेंद्र को चुनाव प्रभारी और अश्विनी वैष्णव को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। तेलंगाना की बात करें तो प्रकाश जावड़ेकर को प्रदेश का चुनाव प्रभारी तो वहीं सुनील बंसल को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

### कांग्रेस मिजोरम में अकेले लड़ेगी चुनाव

**आइजोल (भाषा)।** मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन की बातचीत सफल नहीं होने के बाद कांग्रेस ने मिजोरम में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। कांग्रेस के एक नेता ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मिजोरम की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए आज अपने उम्मीदवार का नाम घोषित करेगी। मिजोरम में 19 अप्रैल को मतदान होगा। कांग्रेस 1987 से लगभग 20 वर्षों तक मिजोरम में सत्ता में रही थी।

**मुंबई : सीटों का बंटवारा**

### कांग्रेस को 6 में से मिली 2 सीटें, निरुपम को झटका



**मुंबई।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर महाराष्ट्र की सीटों को लेकर कांग्रेस, शरद पवार गुट और उद्धव ठाकरे की पार्टी के गठबंधन महाविकास अघाड़ी एमवीए) के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बन गई है। मुंबई की 6 सीटों के बंटवारे को लेकर फॉर्मूला भी सामने आ गया है। कांग्रेस मुंबई की कुल 6 लोकसभा सीटों में से 2 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। समझौते के मुताबिक संजय निरुपम वाली सीट उद्धव ठाकरे गुट को दी गई है।ये सीटें हैं- मुंबई नॉर्थ, मुंबई नॉर्थ वेस्ट, मुंबई नॉर्थ ईस्ट, मुंबई नॉर्थ सेंट्रल, मुंबई साउथ सेंट्रल, मुंबई साउथ।

**राजद के सर्वजीत से मुकाबला**

### पूर्व सीएम जीतनराम मांझी गया से एनडीए के प्रत्याशी



**पटना।** गया लोकसभा सीट से हम ने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। गया लोकसभा सीट से हम संरक्षक और पूर्व सीएम जीतन राम मांझी चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि एनडीए की सीट शेयरिंग में मांझी की पार्टी को एक सीट मिली है। एक दिन पहले ही एनडीए में शामिल लोजपा (आर) अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के हाजीपुर लोकसभा सीट से लड़ाने का ऐलान कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जीतन राम मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन ने गया सीट पर कैंडिडेट की घोषणा की। गया में अपने गोदावरी स्थित आवास पर मीडिया को इसकी जानकारी दी।

**देश की सबसे हॉट सीट**

## नेहरू-गांधी परिवार से जुड़े कई लोग लड़ चुके रायबरेली से चुनाव



- दिल्ली की सत्ता का रास्ता यूपी से होकर जाता
- यूपी की 80 लोस सीटों में यह सबसे खास



**लखनऊ।** देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश, 80 सांसद चुनकर यहां से लोकसभा पहुंचते हैं। दिल्ली की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। उत्तर प्रदेश की जिन सीटों की सबसे ज्यादा चर्चा होती है उनमें से एक रायबरेली लोकसभा सीट भी है। ये राज्य की इकलौती सीट है जहां 2019 में कांग्रेस को जीत मिली थी। तब सोनिया गांधी यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची थीं। सोनिया अब राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। अब पार्टी किसी नए चेहरे को यहां से मौका देगी। नेहरू-गांधी परिवार से जुड़े सात लोग रायबरेली से चुनाव लड़ चुके हैं।

### रायबरेली सीट 1957 में अस्तित्व में आई



सबसे पहले बात पहले लोकसभा चुनाव की कर लेते हैं। साल 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में रायबरेली और प्रतापगढ़ जिलों को मिलाकर एक लोकसभा सीट थी। उस चुनाव में यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी कांग्रेस के टिकट पर लड़े और जीते थे। 1957 में रायबरेली सीट अस्तित्व में आई तो यहां से एक बार फिर फिरोज गांधी सांसद बने। इंदिरा और फिरोज गांधी का विवाह 26 मार्च 1942 को हुआ था। पत्रकार से नेता बने फिरोज गांधी अक्सर संसद में अपने ससुर और तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू सराकर की आलोचना के लिए जाने जाते थे।

### इंदिरा ने रायबरेली से लड़े चार चुनाव

- 1960 में फिरोज गांधी का निधन हो गया। 1967 इंदिरा ने रायबरेली सीट से ही चुनावी राजनीति में कदम रखा।
- कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर उतरीं इंदिरा ने इस चुनाव में उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी बीसी सेठ को 91,703 वोट से हरा दिया था।
- इसके बाद आया 1971 का लोकसभा चुनाव। इस चुनाव में कांग्रेस की तरफ से एक बार फिर इंदिरा गांधी मैदान में थीं।
- उनके सामने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से राज नारायण थे। जब नतीजे आए तो कांग्रेस से इंदिरा को 1,11,810 वोटों से विजयी घोषित किया गया। इंदिरा को 1,83,309 वोट जबकि राज नारायण को 71,499 वोट मिले थे।
- 1980 में इंदिरा गांधी ने जनता पार्टी से राजमाता विजय राजे सिंधिया को 1,73,654 मतों से शिकस्त दी। 1984 लोकसभा चुनाव में भी अरुण नेहरू ने इस सीट से जीत दर्ज की।
- 2004 के लोकसभा चुनाव में सोनिया ने सपा के अशोक कुमार सिंह को करारी शिकस्त दी। सोनिया ने यह चुनाव 2,49,765 वोटों से भारी अंतर से जीता। 2009 के चुनाव में सोनिया रायबरेली सीट को बरकरार रखने में कामयाब रहीं। 2019 में भी यहां से जीत दर्ज की।

### ...दुकान-दुकान पर मोदी



मेरठ। चुनावी घोषणा होली के बीच आ रहे होली के त्योहार पर प्रधानमंत्री मोदी के मास्क दुकानों में खूब बिक रहे हैं।


### सुखबीर-हरसिमरत में से कोई एक लड़ेगा चुनाव



**चंडीगढ़।** पंजाब में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) इस बार लोकसभा चुनाव में 'एक परिवार-एक टिकट' की पॉलिसी लागू करेगा। यानि लोकसभा चुनाव में बादल परिवार से भी कोई एक ही मेंबर चुनावी मैदान में उतरेगा। 2019 में बठिंडा से हरसिमरत कौर बादल और फिरोजपुर से सुखबीर बादल ने चुनाव लड़ा था और दोनों विजयी रहे थे। इस बार इन दोनों में से कोई एक ही लोकसभा चुनाव में उतरेगा। शुक्रवार को होने वाली अकाली दल की कोर कमेटी की मीटिंग में इस पॉलिसी पर मंथन होगा। चर्चा है कि हरसिमरत कौर इस बार भी बठिंडा सीट से ही चुनावी मैदान में उतरेगी। हालांकि पहले उनके खडूर साहिब से भी चुनाव लड़ने की चर्चा थी।

**कांग्रेस की तीसरी लिस्ट जारी**

## बहरामपुर से अधीर, नांदेड से वसंतराव का नाम, अब तक 138 का ऐलान किया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने गुरुवार को लोकसभा उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट का ऐलान कर दिया। इसमें 7 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 56 उम्मीदवारों के नाम हैं। 57 सीटों की इस लिस्ट में यह भी बताया गया है कि राजस्थान के सीकर की सीट सीपीआई-एम के लिए छोड़ी गई है। तीनों लिस्ट को मिलाकर कांग्रेस अबतक 138 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुकी है। लिस्ट में पश्चिम बंगाल के बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और महाराष्ट्र के नांदेड से वसंत राव चव्हाण के नाम का ऐलान किया गया है।

### दूसरी लिस्ट में 43 नाम

12 मार्च को कांग्रेस की जारी दूसरी लिस्ट में 43 नाम थे। मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को छिंदवाड़ा से तो राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालोर से टिकट दिया गया था। वहीं, पार्टी ने 8 मार्च को जारी अपनी पहली लिस्ट में 39 नामों का ऐलान किया गया था।

**केंद्र को निर्देश, तुरंत करें कार्रवाई**

## चुनाव आयोग ने विकसित भारत मैसेज रोकने का दिया निर्देश



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को तकनीकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को वॉट्सऐप पर भेजे जा रहे विकसित भारत मैसेज तुरंत रोकने का निर्देश दिया है। आयोग को शिकायत मिली थी कि लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के बावजूद सरकार की योजनाएं बताने वाले मैसेज आम लोगों को भेजे जा रहे हैं। हालांकि, मंत्रालय ने आयोग को दिए जवाब में कहा था कि ये मैसेज आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे, लेकिन ये सिस्टम और नेटवर्क इश्यू की वजह से देर से पहुंचे हैं।

### पीएम के खिलाफ दर्ज हो चुकी हैं संहिता उल्लंघन की दो शिकायतें

चुनाव आयोग ने 16 मार्च को 7 चरणों में लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। जिसके तुरंत बाद ही आचार संहिता लागू हो चुकी है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर होना है। आचार संहिता लागू होने के साथ ही इसके उल्लंघन की शिकायतें भी दर्ज होने लगी हैं। पीएम मोदी के खिलाफ तो 24 घंटे में 2 शिकायतें आयोग तक पहुंच चुकी हैं।

## पूर्व मंत्री आनंद शर्मा ने अध्यक्ष खरगे को खत लिख राहुल को घेरा

# जाति गणना कोई रामबाण नहीं, यह समावेशी, सर्वव्यापी दृष्टिकोण भी नहीं हो सकता, इससे न बेरोजगारी दूर होगी न ही कोई 'समस्या'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जातिगत जनगणना पर कांग्रेस में कलह उभर कर सामने आया है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य और पार्टी के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के जाति जनगणना वाले बयान पर निशाना साध खुलकर नाराजगी जाहिर की है। शर्मा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखा है और कहा है कि जाति जनगणना रामबाण नहीं है और न ही इससे बेरोजगारी दूर हो सकती है। खरगे को लिखे खत में आनंद ने कहा कि ऐसा करना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर करने जैसा होगा। कांग्रेस के शीर्ष नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के बार-बार जाति जनगणना कराए जाने की बात से आनंद शर्मा खुश नहीं हैं। अब कांग्रेस के भीतर प्रमुख चुनावी मुद्दों में से एक जाति जनगणना पर पार्टी के अंदर की कलह साफ उजागर हो गई है। आनंद ने जाति आधारित जनगणना पर केंद्रित पार्टी के चुनाव अभियान पर कड़ी आपत्ति जताई है और इसे 'कांग्रेस के पीएम इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर करना बताया है।

### लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में आंतरिक कलह उजागर

### यह मुद्दा उठाना इंदिरा और राजीव गांधी का भी अपमान होगा





### राजीव ने कहा था-जाति को परिभाषित किया तो हमें समस्या

आनंद ने 1990 में लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में राजीव गांधी के उस बयान का भी हवाला पत्र में दिया है, जहां पूर्व पीएम ने कहा था कि अगर हमारे देश में जातिवाद को स्थापित करने के लिए जाति को परिभाषित किया जाता है तो हमें समस्या है। अगर संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में जातिवाद को एक विषय बनाया जाएगा तो हमें समस्या होगी। ऐसे में कांग्रेस खड़े होकर इस देश को विभाजित होते हुए नहीं देख सकती।

### न जात पर न पांत पर मुहर लगेगी हाथ पर

शर्मा ने कांग्रेस के समावेशी और सर्वव्यापी दृष्टिकोण को याद करते हुए इंदिरा और राजीव के लोकप्रिय नारों का हवाला दिया। पार्टी का रुख पिछली कांग्रेस सरकारों की विचारों के साथ मेल नहीं खाता है और इसकी वजह से पार्टी के राजनीतिक विरोधियों को कीचड़ उछालने का मौका मिल जाएगा। शर्मा ने इंदिरा के 1980 के उस नारे को याद दिलाया, जब कहा जाता था, 'ना जात पर ना पात पर, मुहर लगेगी हाथ पर।'

### कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में दी है गारंटी

लोकसभा चुनाव 2024 का प्रचार अभियान चरम पर है। कांग्रेस पार्टी अपनी खोई जमीन हासिल करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रही है। कांग्रेस ने अपने प्रचार अभियान में जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। कांग्रेस ने इस मांग को हिस्सेदारी न्याय के तहत रखा है। कांग्रेस ने गारंटी दी है कि उसकी पार्टी अगर सरकार में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ ही आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को भी खत्म किया जाएगा।




## खबर संक्षेप

### सूडान भुखमरी के संकट का सामना कर रहा

**संयुक्त राष्ट्र(भाषा)।** सूडान की सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच लगभग एक साल से जारी संघर्ष के कारण इस अफ्रीकी देश को दुनिया के सबसे भयावह भुखमरी संकट का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के कार्यालय ने यह चेतावनी दी है। इसने चेताया कि कुपोषण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और बच्चों की मौत हो रही है। मानवीय अभियान की निदेशक इडेम वोसोरनू ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया कि सूडान की एक तिहाई आबादी - 1.8 करोड़ लोग - पहले से ही गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रही है।

### 'रवांडा विधेयक' को लेकर गतिरोध बरकरार

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का महत्वाकांक्षी 'रवांडा विधेयक' एक बार फिर संसद में पारित नहीं हो सका और उच्च सदन 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' के सदस्यों ने विधेयक में संशोधन किये जाने की मांग की। विधेयक को संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में वापस भेज दिया गया है। रवांडा की सुरक्षा विधेयक को ईस्टर अवकाश के बाद अप्रैल के मध्य में मतदान के लिए फिर से पेश किया जायेगा। संसद के उच्च सदन के सदस्यों ने इसमें किये गए बदलावों को बुधवार रात खारिज कर दिया।

### सद्गुरु जग्गी के स्वास्थ्य में हो रहा है सुधार

**नई दिल्ली(भाषा)।** आध्यात्मिक जगत की जानी मानी हस्ती सद्गुरु जग्गी वासुदेव की सर्जरी के बाद उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है। ईशा फाउंडेशन ने यह जानकारी दी। सद्गुरु जग्गी वासुदेव को मस्तिष्क में रक्तस्राव होने के कारण सर्जरी की गई थी।

# आखिरकार क्या थी दिल्ली की शराब नीति जिसने बड़े नेताओं को भिजवा दिया जेल



### शराब नीति केस की टाइमलाइन

**22 मार्च 2021:** तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने शराब नीति का ऐलान किया।
**17 नवंबर 2021:** दिल्ली सरकार ने नई शराब नीति 2021-22 लागू की।
**8 जुलाई 2022 :** मुख्य सचिव नरेश कुमार ने शराब नीति में गड़बड़ी का अंदेशा जताया।
**28 जुलाई 2022:** विवाद बढ़ता देख दिल्ली सरकार ने नई शराब नीति को रद किया।
**17 अगस्त 2022:** सीबीआई ने केस दर्ज किया और जांच शुरू की। मनीष सिसोदिया, तीन रिटायर्ड सरकारी अधिकारी, 9 बिजनेसमैन और 2 कंपनियों को आरोपित बनाया। भ्रष्टाचार की धाराएं लगाई।
**22 अगस्त 2022:** ईडी ने सीबीआई से केस की जानकारी लेकर मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया।
**12 सितंबर, 2022:** आप के संचार प्रमुख विजय नायर को सीबीआई ने गिरफ्तार किया।
**26 फरवरी 2023:** इस केस में पहली बड़ी गिरफ्तारी सिसोदिया की हुई।
**4 अक्टूबर 2023:** आप नेता संजय सिंह को ईडी ने गिरफ्तार किया।
**2 नवंबर 2023:** शराब नीति केस में ईडी ने केजरीवाल को पहला समन जारी किया।
**21 दिसंबर 2023:** दूसरा, 3 जनवरी 2024 को तीसरा, 17 जनवरी को चौथा समन, 2 फरवरी को पांचवां, 22 फरवरी को छठा, 26 फरवरी को सातवां, 27 फरवरी को आठवां, 17 मार्च को नौवां, समन भेजा।



### भ्रष्टाचार निरोधक कार्यकर्ता से आबकारी 'घोटाले' के आरोपित केजरीवाल चुनाव से पहले गिरफ्तार

सार्वजनिक जीवन की शुरुआत 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' आंदोलन का नेतृत्व से करने वाले और लगातार तीन बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार कर लिया। केजरीवाल का करियर नौकरशाह से कार्यकर्ता और फिर सियासी नेता के रूप में उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब उनकी आम आदमी पार्टी (आप) विपक्षी दलों के 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन के घटक के तौर पर दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में लोकसभा चुनाव के दौरान जीत हासिल करने के गंभीर प्रयास कर रही है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक 55 वर्षीय केजरीवाल की गिरफ्तारी से पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर गंभीर असर पड़ सकता है क्योंकि वह लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की योजनाओं और रणनीति के केंद्र में रहे हैं।

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

करीब 3,000 करोड़ के शराब घोटाले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गुरुवार रात ईडी ने गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले शाम 7 बजे ईडी के 12 अफसरों की टीम केजरीवाल के आवास पर पहुंची थी। इस शराब घोटाले में अब तक आप के 14 नेता गिरफ्तार हो चुके हैं। पिछले सप्ताह बीआरएस नेता के कविता को भी ईडी ने गिरफ्तार किया था। वहीं, दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा कि मामला कोर्ट में चल रहा है, अगली तारीख 22 अप्रैल तय की गई है। केजरीवाल दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार होने वाले चौथे बड़े नेता हैं। इनसे पहले उनके नंबर दो मनीष सिसोदिया और बेहद करीबी संजय सिंह जेल पहुंच चुके हैं। केजरीवाल आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक भी हैं। केजरीवाल ने ही यह कहकर दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था कि उन्हें कम से कम लोकसभा चुनाव तक आश्वस्त किया जाए कि ईडी गिरफ्तार नहीं करे। उनकी अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडी से केजरीवाल पर लगे आरोपों की फाइल मांग ली। जज ने फाइल देखी तो साफ कह दिया कि केजरीवाल को किसी तरह की राहत नहीं दी जा सकती है।

## सिसोदिया और संजय जेल में, के. कविता हिरासत में



### विपक्ष ने की निंदा

▶▶राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए कहा कि यह दिखाता है कि भाजपा सत्ता के लिए कितने नीचे तक गिर गई है।

▶▶तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की और इसे विपक्ष के 'निरंतर उत्पीड़न' का हिस्सा बताया।

▶▶आम आदमी पार्टी (आप) की गोवा इकाई के अध्यक्ष अमित पालेकर ने कहा कि यह कार्रवाई केजीवाल को आगामी लोकसभा चुनाव का प्रचार करने से रोकने के लिए है। उन्होंने कहा कि हम इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे।

### शराब नीति क्या थी, जिसने आफत ला दी

▶▶केजरीवाल की दिल्ली सरकार ने 2021 में शुरू की गई अपनी शराब उत्पाद शुल्क नीति में कई बदलाव किए थे। नई नीति में शराब पीने की न्यूनतम उम्र को 25 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष करना, सरकारी शराब ठेकों को पूरी तरह बंद करके सारे ठेके निजी हाथों में सौंपना और प्राइवेट वेंडरों को लिकर स्टोर का लाइसेंस जारी करना, विभिन्न शराब ब्रांडों के लिए रजिस्ट्रेशन के अलग-अलग मानदंड, दिल्ली के बाहर के क्षेत्रों में मूल्य निर्धारण जैसे कारकों को ध्यान में रखना शामिल था।

▶▶इसमें वार्षिक शराब वेंडिंग लाइसेंस शुल्क में भी उल्लेखनीय वृद्धि का प्रस्ताव था, इसे 8 लाख रुपये से बढ़ाकर 75 लाख रुपये किया गया था। दिल्ली सरकार ने शराब के खुदरा कारोबार से हाथ खींच लिया, प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से 849 निजी विक्रेताओं को लाइसेंस दिए। हालांकि, सरकार ने एक्साइ ड्यूटी की नई पॉलिसी को वापस लेने की घोषणा की। यह कदम लाइसेंसिंग प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और पक्षपात के आरोपों के जवाब में उठाया गया था।

▶▶कोविड महामारी के बीच भी उत्पाद शुल्क नीति का व्यापक विरोध हुआ था। टेंडरों के आवंटन के दौरान शराब लाइसेंसधारियों बेजा लाभ पहुंचाने के आरोप लगे थे।

▶▶दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 की जांच शुरू करवा दी। उन्होंने शराब नीति की जांच के दौरान नियमों के कथित उल्लंघन और प्रक्रियात्मक अनियमितताओं की जांच के लिए एक जांच का सुझाव दिया।

▶▶सक्सेना ने दिल्ली के शीर्ष नौकरशाह की एक रिपोर्ट के आधार पर औपचारिक रूप से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की अपील की। रिपोर्ट में सिसोदिया पर नियमों को तोड़ने और शराब विक्रेता लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया था।

▶▶सीबीआई ने उत्पाद शुल्क विभाग के प्रमुख सिसोदिया और धोखाधड़ी और रिश्वतखोरी के लिए प्रक्रिया में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## भारत पांच साल में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा : कांत

**बेंगलुरु(भाषा)।** भारत के जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत अगले पांच साल में जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके अलावा उस समय तक भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा शेयर बाजार भी होगा। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा 'द डेक्कन कन्वर्सेशन्स, एक्सिलरेटिंग आवर ग्रोथ स्टोरी' विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## वैश्विक बाजारों में मजबूती से सेंसेक्स 539 अंक चढ़ा



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांकों में बृहस्पतिवार को लगभग एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अनुमान जताया है कि इस साल ब्याज दर में तीन बार कटौती की जाएगी। इसके बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक उछलकर 72,641.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.77 अंक तक उछलकर 72,882.46 अंक पर पहुंच गया था। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है जब सेंसेक्स लाभ में रहा है। निफ्टी भी 172.85 अंक चढ़कर 22,011.95 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो सबसे अधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, मारुति सुजूकी, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू बाजारों को वैश्विक बाजारों के रुख से मजबूती मिली।

## सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह के दौरान आई कमी :सर्वे

**नई दिल्ली(भाषा)।** भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है। उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी और विदेशी सहित 23 बैंकों ने भाग लिया।

## सोना 1,130 रुपये के उछाल के साथ 67,450 के रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली(भाषा)।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव मजबूत वैश्विक रुझानों के बाद 1,130 रुपये के उछाल के साथ 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये की तेजी के साथ 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## ग्वादर बंदरगाह हमले में आठ बलोच आतंकी और दो पाक सैनिक मारे गए

**कराची(भाषा)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत स्थित ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर में बुधवार को घुसने की कोशिश कर रहे आठ बलोच आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। फौज ने यह जानकारी देते हुए बृहस्पतिवार को बताया कि अभियान में सेना के दो जवानों की भी मौत हुई है। बंदरगाह परिसर में कई सरकारी और अर्धसैनिक बल के कार्यालय हैं और रणनीतिक रूप से अहम जगह पर स्थित ग्वादर बंदरगाह अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना का हिस्सा है। फौज की मीडिया इकाई अंतर सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आतंकवादियों के एक समूह ने बुधवार को बंदरगाह प्राधिकरण परिसर कॉलोनी में घुसने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों के जवानों ने उन्हें सफलतापूर्वक रोक लिया। बुधवार देर रात जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वहां तैनात सैनिकों ने प्रभावी तरीके से आतंकवादियों को रोका जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई और इसमें सभी आठ आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसमें कहा गया है कि मुठभेड़ में दो सिपाही भी मारे गए हैं। आतंकवादियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार, गोलियां और विस्फोटक बरामद किया गया है।

## ब्रिटेन में हमले करने के मामले में सिख कार्यकर्ता को जेल

**लंदन(भाषा)।** पश्चिमी लंदन में पिछले साल भारत के स्वतंत्रता दिवस से संबंधित एक कार्यक्रम में भारतीय मूल के दो पुरुषों और एक महिला पुलिस अधिकारी पर हमला करने के मामले में दोषी ठहराये गये खालिस्तान समर्थक एक सिख कार्यकर्ता को 28 महीने कैद की सजा सुनाई गई है। गुरप्रीत सिंह (26) को आशीष शर्मा और नानक सिंह तथा पुलिस कांस्टेबल जस्टिन निकोल फैरेल पर हमला कर उन्हें घायल करने के मामले में जनवरी में दोषी ठहराया गया था। यह घटना पिछले साल 15 अगस्त की रात को साउथहॉल में भारत के स्वतंत्रता दिवस से संबंधित एक कार्यक्रम के दौरान हुई थी। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि गुरप्रीत सिंह को 12 जनवरी को मामले में दोषी ठहराया गया था और अब उसे 28 महीने की कैद की सजा सुनाई गई है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस अधीक्षक सीन लिंच ने कहा, "मैं मानता हूं कि यह घटना साउथहॉल और लंदन तथा उसके आसपास के सिख समुदायों के लिए चिंता का विषय है।" उन्होंने कहा, "हम इस घटना की सोशल मीडिया पर प्रसारित फुटेज से अवगत हैं।



## बदायूं हत्याकांडः साजिद का भाई जावेद गिरफ्तार, पीड़ित पिता ने फांसी की मांग की

**बदायूं/बरेली (उप्र) (भाषा)।** बदायूं में दो बच्चों की निर्मम हत्या के मामले में मुठभेड़ में मारे गये मुख्य आरोपी साजिद के भाई एवं सह आरोपी जावेद ने बरेली में आत्मसमर्पण कर दिया जिसके बाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जावेद की गिरफ्तारी के बाद 'पीटीआई-वीडियो' से बातचीत में पीड़ित बच्चों के पिता विनोद कुमार ने सरकार से अपने परिवार की सुरक्षा की अपील के साथ ही आरोपी को फांसी देने और उसका घर गिराने की भी मांग की। विनोद कुमार ने कहा "इसे फांसी दें या मुठभेड़ में मार दें। इसने हमारा घर उजाड़ा है तो इसका भी वही हाल होना चाहिए।" कुमार ने कहा, "(जावेद की) गिरफ्तारी हुई है, अच्छी बात है। प्रशासन सुरक्षा में लगा है। उससे पूरी पूछताछ की जाए, घटना की पूरी कहानी सुनी जाए कि इसमें और कौन-कौन शामिल था।" उन्होंने कहा, "हमारे घर में कोई बाहरी व्यक्ति आता नहीं था। पूछताछ में ही पता चलेगा कि घटना में कौन कौन शामिल था और इसे क्यों अंजाम दिया गया।" जावेद का कहना है कि वह घटना के समय घर पर नहीं था। इस बारे में पूछे जाने पर विनोद ने कहा, "हमारे बच्चे उसे जानते थे, उसे भैया कहते थे। उससे बाल कटवाते थे। छोटा बच्चा भी जानता है कि कौन जावेद है, कौन साजिद है। जावेद अपने बचाव के लिए झूठ बोल रहा है।" विनोद कुमार ने दावा किया, "यह भी दोषी है। इसने अपने भाई का पूरा साथ दिया है। इसकी दुकान पर गुंडे भी आते थे।




## लांसेट के अध्ययन में हुआ खुलासा

# भारत की प्रजनन दर गिरकर दो से कम हुई, 2050 में 1.3 हो जाएगी

भाषा ▶▶नई दिल्ली

भारत की प्रजनन दर 1950 में लगभग 6.2 थी जो 2021 में घटकर दो से कम हो गई है। वर्ष 2050 और 2100 में इसके घटकर क्रमशः 1.29 और 1.04 होने का अनुमान है। शोध पत्रिका 'लांसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन में यह कहा गया है। ये संख्याएं वैश्विक प्रवृत्ति के अनुरूप हैं, जहां कुल प्रजनन दर 1950 में प्रति महिला 4.8 बच्चों से अधिक थी और 2021 में घटकर 2.2 बच्चे प्रति महिला हो गई। इन आंकड़ों के क्रमशः 2050 और 2100 में घटकर 1.8 और 1.6 होने का अनुमान जताया गया है। अध्ययन में कहा गया है कि 2021 में दुनिया भर में 12.9 करोड़ बच्चों का जन्म हुआ। अध्ययन के मुताबिक 1950 में 9.3 करोड़ और 2016 में सबसे ज्यादा 14.2 करोड़ बच्चों का जन्म हुआ। 1950 और 2021 में 1.6 करोड़ से अधिक और 2.2 करोड़ से ज्यादा बच्चों का जन्म हुआ। 2050 में यह संख्या घटकर 1.3 करोड़ होने का अनुमान है।



'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) 2021 फर्टिलिटी एंड फोरकास्टिंग कोलैबोरेटर्स' के शोधकर्ताओं ने कहा कि दुनिया का अधिकांश हिस्सा कम प्रजनन दर संबंधी चुनौतियों से जूझ रहा है, वहीं 21वीं सदी के दौरान कम आय वाले कई देशों को उच्च प्रजनन क्षमता के मुद्दों का सामना करना पड़ेगा।

### उच्च प्रजनन क्षमता से चुनौतियां पैदा होंगी

उन्होंने कहा कि कम आय वाले इन क्षेत्रों में, विशेष रूप से पश्चिमी और पूर्वी उप-सहारा अफ्रीका के कुछ देशों में उच्च प्रजनन क्षमता के परिणामस्वरूप चुनौतियां पैदा होंगी। शोधकर्ताओं ने कहा कि दुनिया भर में आबाजी की उम्र बढ़ने के साथ, भू-राजनीति, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गहरा प्रभाव पड़ेगा।

### अधिकांश बच्चे दुनिया के कुछ सबसे गरीब क्षेत्रों में पैदा होंगे

शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया है कि अधिकांश बच्चे दुनिया के कुछ सबसे गरीब क्षेत्रों में पैदा होंगे। 2021 से 2100 तक दुनिया में बच्चों के जन्म के मामले में कम आय वाले देशों की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से लगभग दोगुनी होकर 35 प्रतिशत हो जाएगी। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन के असर के साथ, उच्च-प्रजनन दर वाले कई देशों में बाढ़, सूखा और भीषण गर्मी का भी प्रकोप रहने की आशंका है।

## यूक्रेनः कीव पर रूस ने किया हमला, 13 घायल

**कीव।(भाषा)।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर बृहस्पतिवार को रूस ने 44 दिनों में पहली बार हमला किया। कीव के लोगों ने सुबह भीषण विस्फोटों की आवाजें सुनीं। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि एक बच्चे सहित 13 लोग इस हमले में घायल हो गए और दर्जनों लोगों को उनके घरों से निकाला गया। कीव शहर प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि राजधानी की तरफ निशाना लगाकर छोड़ी गयी लगभग 30 मिसाइलों' को आसमान में मार गिराया गया। मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि पश्चिमी कीव के शेवचेनकिव्स्की जिले में रूसी हमले के परिणामस्वरूप बहुमंजिला इमारत के एक अपार्टमेंट और कारों में आग लग गई। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब यूक्रेन ने कई दिनों तक यूक्रेन की सीमा के पास स्थित रूस के बेलगोरोड क्षेत्र पर लगातार हमले किए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25